**'ॐ हिरण्यवर्णाः शुचयः पावकायासुजातः कश्यपो यास्विन्द्रः।
अग्निं या गर्भं दधिरे विरूपास्तान आपः शꣳस्योना भवन्तु।1।
ॐ यासाꣳराजा वरुणो याति मध्ये सत्यानृत अवपश्यं जनानाम्।
मधुश्चतुः शुचयो याः पावकास्तान आपः शꣳ स्योना भवन्तु।2।
ॐ यासां देवादि विकृण्वन्ति भक्षं या अन्तरिक्षे बहुधा भवन्ति।
याः पृथिवीं पयसोंदन्ति शुक्रास्तान आपः शꣳस्योना भवन्तु।3।
ॐ शिवेन मा चक्षुषा पश्यतापः शिवया तनूवोपस्पृशत त्वं च मे।
सर्वाꣳअग्नी ꣳरप्सुषदो हुवे वो मयि वर्चो बलमोजो निधत्त।4।**

तत्पश्चात् रक्षोघ्नपूजन व हवन करें।

4. अथ तृतीयदिनकर्म (गृहप्रवेशदिनकर्म)

अथ रक्षोघ्न पूजन–हवन विधिः –

घर के आग्नेय कोण में (यथा संभव) स्थण्डिल अथवा कुण्ड निर्माण कर यजमान स्वयं आचमन कर प्राणायाम करके देशकाल का कथन कर संकल्प करें –

'अस्मिन् गृहनिर्माणे मया मदाज्ञया मदनुमत्या वा मृदाहरणपाषाण खण्डनदारुच्छेदनादिदोषपरिहारार्थं दुष्टरक्षोयक्ष भूतप्रेतपिशाचा–दीनामुच्चाटनार्थं रक्षोघ्नपूजाहोमबलिदानं च करिष्ये' तदनन्तर स्वस्त्ययन मन्त्र का पाठ करें (ऋग्वेदीय स्वस्त्ययनमन्त्राः)

'ॐ स्वस्ति नो मिमीतामश्विना भगः स्वस्ति देव्यदितिरनवर्णः।
स्वास्ति पूषा असुरो दधातु नः स्वस्ति द्यावा पृथिवी सुचेतुना ।1।
स्वस्तये वायुमुपब्रवामहै सोमं स्वस्ति भुवनस्य यस्पतिः।
बृहस्पतिं सर्वगणं स्वस्तये स्वस्तय आदित्यासो भवन्तु नः ।2।
विश्वेदेवा नो अद्या स्वस्तये वैश्वानरो वसुरग्निः स्वस्ती।
देवा अवन्त्वृभवः स्वस्तये स्वस्ति नो रुद्रः पात्वंहसः ।3।

स्वस्ति मित्रावरुणा स्वस्ति पथ्ये रेवति।
स्वस्ति न इन्द्रश्चाग्निश्च स्वस्ति नो अदिते कृधि ।4।
स्वस्ति पन्थामनुचरेम सूर्या चन्द्रमसाविव।
पुनर्ददता घ्नता जानता संगमेमहि ।5।

(यजुर्वेदीय स्वस्तिमन्त्राः–)

ॐ स्वस्ति नऽइन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्योऽअरिष्टनेमिः स्वास्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ।1।

(इसे तीन बार पाठ करें)।

4.1) **कलश स्थापना** करें ।

कलश के आधारभूत अष्टदल कमल को स्पर्श कर इस मन्त्र का पाठ करें– **'ॐ भूरसि भूमिरस्यदितिरसि विश्व धा या विश्वस्य भुवनस्य धर्त्री। पृथिवीं यच्छ पृथिवीं दृंह पृथिवीं मा हिंसीः।।'**

अगले मन्त्र का पाठ करते हुये थोड़े धान्य को कमल पर डालें-

'ॐ धान्यमसि धिनुहि देवान्प्राणाय त्वोदानाय त्वा व्यानाय त्वा दीर्घामनुप्रसिति मायुषेधान्देवो वः। सविता हिरण्यपाणिः प्रतिगृभ्णात्वच्छिद्रेण पाणिना चक्षुषेत्वा महीनाम्पयोसि।।'

उस पर तांबे के कलश को स्थापित करें-

'ॐ आजिघ्र कलशं मह्या त्वा विशन्त्विदं वः पुनरूर्ज्जानि वर्तस्वसानः। सहस्रं धुक्ष्वोरुधारापयस्वतीः पुनर्मा विशताद्रयिः।।'

अब कलश को जल से भरें-

'ॐ वरुणस्योत्तम्भनमसि वरुणस्य स्कम्भसर्जनीस्थो वरुणस्य-ऽऋतसदन्यसि वरुणस्यऽऋतसदनमसि वरुण स्यऽऋतसदन-मासीद।' तत्पश्चात् उसमें गन्ध को समर्पित करें-

ॐ त्वां गन्धर्वाऽअखनस्त्वामिन्द्रस्त्वां बृहस्पतिः।
त्वामोषधे सोमो राजा विद्वान् यक्ष्मादमुच्यत।।

उसमें सर्वौषधी को डालें-

ॐ याऽओषधीः पूर्वा जाता देवेभ्यस्त्रियुगम्पुरा।
मनैनुवभ्रूणामहं शतं धामानि सप्त च।

तदनन्तर दूर्वा डालें-

'ॐ काण्डात्काण्डात्प्ररोहन्ती परुषः परुषस्परि।
एवानो दूर्वे प्रतनु सहस्रेण शतेन च।।'

अब आम के पांच पत्तों को उसमें रखें -

ॐ अश्वत्थे वो निषदनं पर्णे वो वसतिष्कृता।
गोभाजऽइत्किलासथ यत्सनवथ पूरुषम्।।'

इसके बाद सप्त मृत्तिका को उसमें डालें-

'ॐ स्योना पृथिवि नो भवानृक्षरानिवेशनी।
यच्छानः शर्म स प्रथा।।'

तत्पश्चात् पूगीफल (सुपारी) को डालें-

'याः फलिनीर्याऽअफलाऽअपुष्पा याश्च पुष्पिणीः।
बृहस्पतिप्रसूतास्ता नो मुंचन्त्वꣳहसः।।'

उसके बाद पंच रत्नों को डालें-

'ॐ परिवाजपतिः कविरग्निर्हव्यान्यक्रमीत्।
दधद्रत्नानि दाशुषे।।'

तदनन्तर कलश में दक्षिणा डालें-

'ॐ हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेकऽ आसीत्। सदाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम।।'

पंच पल्लवों से कलश के अन्दर डाली गयी सामग्री को अच्छी तरह से घुमायें और कलश के गले में मौली को बांधें अथवा लाल वस्त्र से कलश को लपेटें-

'ॐ सुजातो ज्येतिषा सह शर्म वरूथमासदत्स्वः।
वासोऽअग्ने विश्वरूपं संव्ययस्व विभावसो।।'

अब पत्तों को चारों दिशाओं में फैलाकर उस पर पूर्णपात्र रखें-

'ॐ पूर्णा दर्वि परापत सुपूर्णा पुनरापत।
वस्नेवविक्रीणावहाऽइषमूर्जं शतक्रतो।।'

इस प्रकार स्थापित कलश को प्रतिष्ठित करें-

'मनो जूतिर्जुषतामज्यस्य बृहस्पतिर्यज्ञमिमं तनोत्वरिष्टं यज्ञं समिमन्दधातु। विश्वेदेवास इहमाद यन्तामों3 प्रतिष्ठ।।

तत्पश्चात् वरुणदेवता का आवाहन करें-

'ॐ तत्त्वायामि ब्रह्मणा वन्दमानस्तदाशास्ते यजमानो हविर्भिः। अहेडमानो वरुणेह बोद्ध्युरुशं समानऽआयुः प्रमाषीः।।
ॐ भूर्भुवःस्वः वरुण इह आगच्छ इह तिष्ठ।'

अब निम्न मन्त्र से षोडशोपचार पूजन करें-

'ॐ अपांपतिवरुणाय नमः।' उसके बाद कलश को हाथ से ढ़ककर निम्न मन्त्र से अभिमन्त्रित करें-

कलशस्य मुखे विष्णुः कण्ठे रुद्र समाश्रिताः।
मूले तत्र स्थितो ब्रह्मा मध्ये मातृगणा स्मृताः।।
कुक्षौ तु सागराः सर्वे सप्तद्वीपवसुन्धरा।
ऋग्वेदोऽथ यजुर्वेद सामवेदो ह्यथर्वणः।।
अंगैश्च सहिताः सर्वे कलशाम्बु समाश्रिताः।
आयान्तु देव पूजार्थं दुरितक्षयकारकाः।।
सर्वे समुद्राः सरितः तीर्थानि जलदानदाः।
सर्वेऽत्र प्रतितिष्ठन्तु मम कल्याणकारकाः।।

4.2) अब **रक्षोघ्न का ध्यान** करें -

'त्रिशूलं परशुं चैव कपालं डमरुं तथा।
बिभ्राणमुग्रवपुषं त्रिनेत्रं चन्द्रशेखरं।1।
दंष्ट्राकरालवदनं भ्रुकुटि कुटिलाननम्।
वडवाग्निसमाकारं दहन्तं भुवनत्रयं।2।
भूतप्रेतपिशाचादीन्भक्षयन्तं महाप्रभुम्।
एवं ध्यात्वा जपेन्नित्यं रक्षोहाग्निं समाहितः।3।

आवाहन करे -

'ॐ रक्षोहणं वाजिनमाजिघर्मि मित्रं प्रतिष्ठ मुपयामि शर्म। शिशानोऽअग्निः क्रतुभिः समिद्धः स नो दिवा सरिषः पातु नक्तम्।1।

तदनन्तर षोडशोपचारों से पूजन करें। तत्पश्चात् विधिपूर्वक अग्नि स्थापना करें।

5. अग्निप्रकरणम्

चतुरस्र कुण्ड में स्थण्डिल पर अष्टदल के अन्दर सप्तजिह्वा को बनाकर हवनकर्ता आसन की कुशाओं के अग्रभाग को पूर्व या उत्तर की ओर करके बिछाकर उस पर बैठें और आचमन, प्राणायाम आदि सामान्य कर्म करके संकल्प करें–
"ॐ विष्णु.. .वास्तुशान्तिकर्माङ्गभूतरक्षोघ्नहोमांगभूतया पंचभू संस्कारान् करिष्ये'। भूशोधन करके 5 भूसंस्कार करें –

भूशोधनम्: –

1. **'भूरसीति भूमिशोधनम्'** अर्थात् भूरसि इत्यादि मन्त्र से हवनकुण्ड अथवा स्थण्डिल का पंचगव्य से प्रोक्षण कर भूमि शुद्धि की भावना करे –
   'ॐ भूरसि भूमिरस्यदितिरसि विश्वधाया विश्वस्य भुवनस्य धर्त्री। पृथिवीं यच्छ पृथिवीं दृꣳह पृथिवीम्मा हिꣳसीः।1।'
   हस्तप्रक्षालन करके
2. **'अश्मा चेति मृत्तिका स्थापनम्'** अर्थात् अश्मा च इत्यादि मन्त्र से हवनकुण्ड अथवा स्थण्डिल में पवित्र नदी की थोड़ी मृत्तिका डाले –
   'ॐ अश्मा च मे मृत्तिका च मे गिरयश्च मे पर्वताश्च मे सिकताश्च मे वनस्पतयश्च मे हिरण्यञ्च मे यश्च मे श्यामञ्च मे लोहञ्च मे सीसञ्च मे त्रपु च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्।',
3. **'एष स्तोमेति दर्भं गृह्णाति'** अर्थात् एष स्तोम इत्यादि मंत्र से दर्भ को ग्रहण करे –
   'ॐ एष स्तोमो मरुतऽ इयङ्गो र्मान्दार्यस्य माम्नस्य कारोः। एषामासीदृतन्त्वेवयां विद्या भेषं वृजनशीर दानुम्।'

5.1) पंचभूसंस्काराः

पांच भूसंस्कार इस प्रकार है –

1. **'यद्देवेति दर्भैः परिसमूहनम'** अर्थात् यद्देव इत्यादि मन्त्र से परिसमूहन संस्कार करे– **'यद्देवा देव हेडनन्देवा सश्च**

कृमवयम्। अग्निर्मातस्मादेनसो विश्वान्मुञ्चत्वꣳहसः।',
यदनि '<u>परिसमुह्य</u>' ऐसा बोलकर इस विधि का पालन करें-

'धृत्वाङ्गुष्ठकनिष्ठाभ्यां मूलैः साग्रैः कुशत्रयम्।
तदग्रैस्तस्य रजसां पूर्वस्यामपसर्पणम्।'

अर्थात् अंगुष्ठ और कनिष्ठिका से अग्र सहित तीन कुशा को लेकर, उनके अग्र से थोड़ी धूल (मिट्टी) निकालकर पूर्व दिशा में फेंकें।

2. **'मानस्तोकेत्युपलेपनम्'** अर्थात् मानस्तोक इत्यादि मन्त्र से गोबर से लीपे -

'ॐ मानस्तोके तनये मानऽआयुषि मानो गोषु मानोऽअश्वेषु रीरिषः।
मानो वीरान्रुद्रभाविनो वधीर्हविष्मन्तः सदमित्वा हवामहे।'

यानि '<u>उपलिप्य</u>' ऐसा बोलकर इस विधि का पालन करें - गोमय से हवनकुण्ड को लीपें, गोमय से ही क्यों?

'गोमये वसते लक्ष्मीः पवित्रा सर्वमंगला।
यज्ञार्थे संस्कृता भूमिस्तदर्थमुपलेपनं।'

क्योंकि गोमय में लक्ष्मी का वास है, इसलिये वह पवित्र और सर्वकल्याणकारी है। यज्ञ केलिये भूमि का संस्कार करना होता है और वह संस्कार गोमय से होता है। गोमय का लक्षण -

'रुग्णा वृद्धा प्रसूता च वन्ध्या संधिन्यमेध्यभुक्।
मृतवत्सा च नैतासां ग्राह्यं मूत्रं शकृत्पयः।1।
स्वच्छं तु गोमयं ग्राह्यं स्थाने च पतिते शुचौ।
उपर्य्यधः परित्यज्य आर्द्रजन्तु विवर्जितम्।'

अर्थात् रोगिणी, बूढ़ी, प्रसूता, बांझ, संधिकाल में अपवित्र चीजों को खानेवाली और जिसका बछड़ा मर गया हो ऐसी गाय के दूध, मूत्र और गोबर को पूजा, हवन आदि शुभ कर्मों केलिये ग्रहण नहीं करना चाहिये। शुद्ध स्थान में गिरा हुआ स्वच्छ गोबर

को ग्रहण करें, उसमें भी ध्यान रहे कि गीला न हो और कीड़ों से युक्त न हो एवं ऊपर व नीचे के भाग को छोड़कर लें।

3. **'त्वामिद्धीत्युल्लिख्य'** अर्थात् त्वामिद्धि इत्यादि मन्त्र से उल्लेखन संस्कार करें- **'ॐ त्वामिद्धि ह व हसातो वाजस्य कारवः। त्वां वृत्रेष्विन्द्र सत्पतिन्नरस्त्वाङ्काष्ठा सर्वतः।1। ॐ प्रथमा द्वितीयैर्द्वितीयास्तृतीयैस्तृतीया सत्येन सत्यं यज्ञेन यज्ञो यजूभिर्यजूꣳषि सामभिः सामान्यृग्भिर्ऋचः पुरोनु वाक्याभिः पुरोनुवाक्या याज्याभिर्याज्या वषट्कारै र्वषट्कारा आहुति-भिराहुतयो मे कामान्समर्द्धयन्तु भूः स्वाहा।2। ॐ दक्षिणमारोह त्रिष्टुप्त्वाऽअवतु। बृहत्साम पञ्चदशस्तोमो ग्रीष्म ऋतुः क्षत्रन्द्रविणम्प्रतीचिमारोह ।3।ॐ प्रतीचिमारोह जगती त्वाऽअवतु। वैरूपꣳसाम सप्तदशस्तोमो वर्षा ऋतु विड्द्रविणमुदीचीमारोह।4। ॐ उदीचीमारोहानुष्टुप्त्वाऽ-अवतु। वैराजꣳसामैकविꣳश स्स्तोमः शरदृतु फलन्द्रविण-मूर्ध्वमारोह।5।'**

यानि **'<u>त्रिरुल्लिख्य</u>'** ऐसा बोलकर इस विधि का पालन करें- **'खादिरेण हस्तमात्रेण खड्गाकृतिना स्फ्येन उल्लिख्य प्रागग्रा उदक्संस्थाः स्थण्डिल परिमाणास्तिस्रो रेखा कुर्यात्'** अर्थात् खदिर (खैर) के पेड़ का एक हाथ लम्बा खड्ग के आकारवाले स्फ्य नामक अस्त्र को पूर्व की ओर आगे बढाते हुये स्थण्डिल के नाप के अनुसार तीन रेखा बनायें।

4. **सदसस्पतिनोद्धरणं** अर्थात् सदसस्पति इत्यादि मन्त्र से उद्धरण संस्कार करे- **'ॐ सदसस्पतिमद्भुतम्प्रियमिन्द्रस्य काम्यम्। सनिम्मेधा मयासिषꣳस्वाहा।'**

स्रुवा से थोड़ी मिट्टी को उद्धृत कर अनामिका और अंगूठा से ईशानदिशा में फेंके, तथा –

'ॐ व्रतङ्कृणु व्रतङ्कृणुताग्निर्ब्रह्माग्निर्यज्ञो वनस्पति-र्यज्ञीयः दैवीं धियम्मनामहे सुमृडीकामभिष्टये वर्चोधां यज्ञ वाहसꣳसुतीर्थानोऽअसद्वशे। ये देवा मनो जाता मनो युजो दक्षक्रतवस्ते नोऽअवन्तु ते नः पान्तु तेभ्यः स्वाहा।।'

यानि '<u>**उद्धृत्य**</u>' ऐसा बोलकर इस विधि का पालन करें -

'अनामिकांगुष्ठाभ्यां यथोल्लिखिताभ्यो लेखाभ्यः पांसूनुद्धृत्य' अर्थात् अनामिका और अंगूठे से अभी बनायी गयी रेखाओं के बीच में से थोड़ी धूल (मिट्टी) को निकालें।

5. **'शन्नो देवेत्यभ्युक्षणम्'** अर्थात् शन्नो इत्यादि मंत्र से अभ्युक्षण संस्कार करे-

'शन्नो देवीरभिष्टयऽआपो भवन्तु पीतये।
शंय्योरभिस्रवन्तु नः।।"

यानि '<u>**अभ्युक्ष्य**</u>' ऐसा बोलकर इस विधि का पालन करें-

'मणिकाद्भिरभ्युक्ष्याभिषिच्य' यानि मणिका युक्त जल से अभ्युक्षण और अभिषेक करें।' क्योंकि कहा है -

आपो देव गणाः सर्वे आपः पितृगणाः स्मृताः।
तेनैवाभ्युक्षणं प्रोक्तमृषिभिर्वेदवादिभिः।1।
उत्तानेन तु हस्तेन कर्त्तव्यं प्रोक्षणं बुधैः।
अवाचीनेन हस्तेन कर्त्तव्यं तदवेक्षणम्।2।
मुष्टिकृतेन हस्तेन चाभ्युक्षणमुदाहृतम्।3।

अर्थात् देवगण जल ही हैं, पितृगण जल ही हैं, इसलिये जल से ही अभ्युक्षण और अभिषेक करना चाहिये ऐसे वेदवादी ऋषियों ने कहा है। किस कर्म में जल का प्रयोग कैसे करें? बुद्धिमान प्रोक्षण कर्म को सदा ऊंचे हाथ से करें, नीचे की ओर हाथ करके जल का अवेक्षण करें और अभ्युक्षण कर्म केलिये हाथ में जल लेकर मुट्ठी बांधके जल को हवन कुण्ड में डालें। इस प्रकार पांच भूसंस्कारों को करके स्वस्ति वाचन करे। तत्पश्चात् अग्नि को उत्पन्न करें।

5.2) अग्नि को उत्पन्न करने अथवा लाने की विधि: -

कर्मप्रयोगरत्न में कहा है कि -

'उत्तमोऽरणिजन्योऽग्निर्मध्यमः सूर्यकान्तजः।
उत्तमःश्रोत्रियागान्मध्यमः स्वगृहादिजः।'

अर्थात् विभिन्न साधनों से उत्पन्न की जानेवाली अग्नियों में से अरणिमन्थन से उत्पन्न अग्नि श्रेष्ठ है और सूर्यकान्तमणि (अथवा लेन्स) से उत्पन्न अग्नि मध्यम है, शेष निकृष्ट हैं। यदि अग्नि को रसोई आदि अन्यस्थान से यज्ञकुण्ड में लाना है तो श्रोत्रिय के घर की हो तो श्रेष्ठ और अपने घर की हो तो मध्यम, शेष निकृष्ट है।

अग्नि लाने में पात्र आदि नियम-

'शुभं पात्रं तु कांस्यं स्यात्तेनाग्निं प्रणयेद्बुधः।
तस्याभावे शरावेण नवेनापि दृढेन च।'

अर्थात् कांस्य का बर्तन श्रेष्ठ है और वह उपलब्ध न हो तो नये व दृढ मिट्टी के बर्तन में ला सकते हैं।

'पात्रेण पिहिते पात्रे वह्निमेवानयेत्ततः।
अस्त्रेणादाय तत्पात्रं वर्मणोद्घाटयेत्तु तं।।
अस्त्रमन्त्रेण नैऋत्ये क्रव्यादांशं ततस्त्यजेत्।
मूलेन पुरतो धृत्वा संस्कारांश्च ततश्चरेत्।'

अर्थात् कभी भी अग्नि को खुला न लायें अपितु दूसरे पात्र से ढ़ककर लायें। अस्त्रमन्त्र से लायें और यज्ञमण्डप में लाने के बाद वर्ममन्त्र से उसे खोलें। अस्त्रमन्त्र से ही क्रव्यादांश के रूप में थोड़े अंगारे को नैऋत्य दिशा में फेंकें तत्पश्चात् अपने सामने रखी हुयी अग्नि की पूजा करके संस्कारों को करें।

विष्णुधर्मोत्तरपुराण में अग्नि की पूजा के विषय में कहा है कि-

'मध्येऽपि गन्धपुष्पादीन्दद्यादग्नेर्न संशयः।
बहिर्नैवेद्यमात्रन्तु दातव्यमिति निश्चयः।'

पंचोपचार पूजा में जो गन्ध, पुष्प आदि अर्पण करते हैं उन्हें अग्नि के मध्य में ही डालें किन्तु केवल नैवेद्य को बाहर रखके अर्पण करें।

5.3) अब **कुशकण्डिका** कर्म करें–

'अग्निमुपसमाधाय' ऐसा बोलकर कर्म के साधनभूत लौकिक अथवा स्मार्त अथवा श्रौत अग्नि को अपने सामने रखकर अग्नि की सात जिह्वाओं के नाम बोलें – **'याभिर्हव्यं समश्नाति हुतं सम्यग् द्विजोत्तमैः। काली कराली च मनोजवा च सुलोहिता चैव सुधूम्रवर्णा।1। स्फुलिंगिनी विश्वरुचिस्तथा च चलायमाना इति सप्त जिह्वा। एताश्चोक्ता विशेषेण ज्ञातव्या ब्राह्मणेन तु।2। आहूय चैव होतव्यो यो यत्र विहितो विधिः। अविदित्वा तु यो ह्यग्निं होमयेदविचक्षणः।3। न हुतं न च संस्कारो न तु यज्ञफलं भवेत्।'**

ग्रहहोम में भी हवन करते वक्त ध्यान देने योग्य बात यह है कि ग्रह के अनुसार अग्नि के नाम अलग–अलग होने से जिस ग्रह को उद्देश्य कर आहुति देना है उसकी अग्नि का नाम स्मरण कर आहुति देनी चाहिये। उनके नाम स्कन्दपुराण में इस प्रकार बताये है–

'आदित्ये कपिलो नाम पिंगलः सोम उच्यते।
धूमकेतुस्तथा भौमे जाठरोऽग्निर्बुधे स्मृतः।1।
गुरौ चैव शिखी नाम शुक्रे भवति हाटकः।
शनैश्चरे महातेजा राहुकेत्वोर्हुताशनः।2।'

अर्थात् सूर्य की आहुति को कपिल नाम की अग्नि में डालना है यानि सामने में विद्यमान अग्नि में भावना करें कि 'यह कपिल नाम की अग्नि है'। इसी प्रकार अन्य ग्रहों के विषय में भी भावना करें। चन्द्र – पिंगल, मंगल – धूमकेतु, बुध – जाठर, गुरु – शिखी, शुक्र – हाटक, शनि – महातेजा, राहु और केतु (दोनों

केलिये) हुताशन। पूर्वादि क्रम से आठों दिशाओं में पूजन करे।
'ॐ पृथिव्याः सधस्थादग्निम्पुरो यमङ्गिरस्वदच्छेमोऽ अग्निम्पुरीष्यमङ्गिरस्वद्भरिष्यामः।' - पूर्वे,
'ॐ अग्निश्च पृथिवी च सन्नते ते मे सन्नमतामदो वायुश्चान्तरिक्षश्च सन्नते ते मे सन्नमदामदऽआदित्यश्च द्यौश्च सन्नते ते मे सन्नमदामदऽआपश्च वरुणश्च सन्नते ते मे सन्नमदामदः सप्तसꣳसदोऽष्टमीभूत साधनी सकामाँ।' - दक्षिणे,
'ॐ वायो ये ते सहस्रिणोरथासस्तेभिरागाहि। नियुत्वान्त्सोम पीतसे।' - पश्चिमे,
'ॐ सोमो धेनुꣳसोमोऽर्वन्तमासुꣳ सोमो वीरङ्कर्मण्यन्ददाति। सादन्यं वितथꣳसभेयम्पितृ श्रवणं ये आददा समस्मै।' - उत्तरे,
'ॐ अग्निन्दूतन्पुरोदधे हव्यवाहमुपब्रुवे। देवा2आसदयादिह।' - आग्नेये,
'ॐ कयानश्चित्रऽआभुव दूती सदा वृधः सखा। कया शचिअष्टया वृता।' - नैर्ऋत्ये,
'ॐ वायुरनिलममृतमथे दम्भस्मान्तꣳशरीरम्। ॐ क्रतो3 स्मर क्लिवे3 स्मर कृतꣳस्मर।' - वायव्ये,
'ॐ ईशावास्यमिदꣳसर्वं यत्किञ्च जगत्याञ्जगत्। तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्विद्धनम्।' - ईशान्ये।
अब मध्य में तीन मन्त्रों से पूजन करे -
'ॐ सूर्यरश्मिर्हरिकेशः पुरस्तात्सविता ज्योतिरुदयाऽअजस्रम्। तस्य पूषा प्रसवे याति विद्वान्स म्पश्यन्विश्वा भुवनानि गोपाः।1। ॐ प्रजापते नत्त्वदेतान्न्यन्न्यो विश्वा रूपाणि परिता बभूव। यत्कामास्ते जुहुमस्तन्नोऽअस्तु वयꣳस्याम पतयोरयीणाम्।2। ॐ सदसस्पतिमद्भुतम्प्रियमिन्द्रस्य काम्यम्। सनिम्मेधा मयासिषꣳस्वाहा।3।'
अब लकड़ियों (ईन्धन) का शोधन करे -
'कस्त्वा सत्योमदानामꣳहिष्टोमत्सदन्धसः दृढा चिदारुजे वसु।'

तत्पश्चात् लकड़ियों को अग्नि पर स्थापित करे –

'ॐ त्वामिद्धि हवामहे सा तौ वाजस्य कारवः।
त्वां वृत्रेष्विन्द्रसत्पतिन्नरस्त्वां काष्ठा सर्वतः।'

अब अग्नि को शुद्ध करे –

'ॐ अग्नावग्निश्चरति प्रविष्टाऽऋषीणाम्पुत्रोऽभिशास्ति पावा। स नः स्योनः सुयजा यजे ह देवेभ्यो हव्यꣳसदमप्रयच्छन्स्वाहा।'

अग्नि को ग्रहण (स्वीकार) करे –

'ॐ मयि गृह्णाम्यग्ने अग्निꣳरायस्पोषाय सुप्रजास्त्वाय सुवीर्याय। मामु देवताः सचन्ताम्।'

5.4) अब अग्नि के गर्भाधान से विवाह पर्यन्त संस्कार करे –

1. गर्भाधानम्ः– **'ॐ गर्भोऽअस्योषधीनां गर्भो वनस्पतीनाम्। गर्भो विश्वस्य भूतस्याग्ने गर्भोऽअपामसि।'**
2. पुंसवनम्ः– **'ॐ विवस्वान्नादित्यैष ते सोमपीथ स्तस्मिन्मत्स्व श्रदस्मै नरो वचसे दधातन यदाशीर्दा दम्पती वाममश्नुतः। पुमान्पुत्रो जायते विन्दतेवस्वधा विश्वा हारपऽएधते गृहे।'**
3. सीमन्तोन्नयनम्ः– **'ॐ अजीजनो हि पवमानसूर्य विधारेशक्मना पयः। गोजीरयारꣳहमानः पुरन्ध्या।'**
4. जातकर्मः– **'ॐ एजतु दशमास्यो गर्भो जरायुणा सह यथायं वायुरेजति यथा समुद्र एजति। एवायन्दशमास्यो अस्रज्जरा-युणा सह।'**
5. नामकरणम्ः– **'यदापि पेषमातरम्पुत्रः प्रमुदितौधयन्। एतत्त-दग्नेऽअनृणो भवाम्यहतौ पितरौ मया। सम्पृचस्थ सम्या भद्रेण पृङ्क्तो विपृचस्थविमा पाप्मना पृङ्क्त।'**
6. निष्क्रमणम्ः– **'ॐ पूषा पञ्चाक्षरेण पञ्चदिशऽ उदजयत्ता-ऽउज्जेषꣳसविता षडक्षरेण षड्तूनुदजयत्ता नुज्जेषम्बृह-स्पतिरष्टाक्षरेण गायत्रीमुज्जेषाम्मित्रो नवाक्षरेण।'**

7. अन्नप्राशनम्:- 'ॐ अन्नपतेऽअन्नस्य नो देह्यनमीवस्य शुष्मिणः। प्रप्रदातारं तारिषऽऊर्जन्नो धेहि द्विपदे चतुष्पदे

8. चूडाकरणम्:- 'ॐ अग्नऽऽआयाहि वीतये गृणानो हव्यदातये। निहोता सत्सि बर्हिषि।'

9. कर्णवेधः :- 'ॐ भद्रं कर्णेभिः श्रृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः। स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम हि देवहितं यदायुः।'

10. उपनयनम्:- 'ॐ अग्निरेकाक्षरेणप्राणमुदजयन्तामुज्जेषमश्विनो द्व्यक्षरेण द्विपदो मनुष्यानुदजयन्तानुज्जेषं विष्णुस्त्र्यक्षरेण त्रीँल्लोकानुदजयन्तानुज्जेषꣳसोम श्चतुरक्षरेणचतुष्पदः पशूनुज्जेषां पञ्चाक्षरेण।'

11. गायत्रीश्रवणम्:- 'ॐ भूर्भुवःस्वः वैश्वानराय विद्महे सप्तजिह्वाय धीमहि। तन्नोऽअग्निः प्रचोदयात्।'

12. समावर्तनम्:- 'ॐ व्रतङ्कृणु व्रतङ्कृणुताग्नि र्ब्रह्माग्निर्यज्ञो वनस्पतिर्यज्ञीयः दैवीं धियम्मनामहे सुमृडी कामभिष्टये वर्चोधां यज्ञ वाहसꣳसुतीर्थानोऽअसद्वशे। ये देवा मनो जाता मनो युजो दक्षक्रतवस्ते नोऽअवन्तु ते नः पान्तु तेभ्यः स्वाहा।'

13. गोदानकर्मः- 'ॐ गावऽउपावतावतम्मही यज्ञस्य रप्सुदा। उभा कर्णा हिरण्यया।'

14. विवाहकर्मः-'ॐ भग एव भगवाँ2। अस्तु देवास्तेन वयं भगवन्तः स्याम। तत्त्वा भग सर्व ईज्जोहवीति स नो भग पुर एता भवेह।'

तत्पश्चात् अग्नि को हवनकुण्ड में/स्थण्डिल पर ले जाये -

'ॐ ऋतावानं वैश्वानरमृतस्य ज्योतिषस्पतिम्। अजस्रङ्घर्म मीमहे। उपयामगृहीतोऽअसि वैश्वानराय त्वैषते योनिर्वैश्वानराय त्वा। ॐ वैश्वानरो न ऊतय आ प्रयातु परवतः। अग्निरुक्थेन वाहसा।

उपयाम गृहीतोऽअसि वैश्वानराय त्वैषते योनिर्वैश्वानराय त्वा।'
तत्पश्चात् अग्नि को हवनकुण्ड में/स्थण्डिल पर स्थापित करें- **'ॐ अग्निर्मूर्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्याऽअयम्। अपाᳬरेताᳬसि जिन्वति।'**
शोधित समिधाओं से अग्नि को प्रदीप्त यानि तेज करें - **'ॐ स्थिरो भव वीड्वङ्ग आशुर्भव वाज्ज्यर्वन्। पृथुर्भवसुषदस्त्वमग्नेः पुरीषवाहनः।'**

अब अग्नि से प्रार्थना करे -
'ॐ आवाहये पुरुषम्महान्तं सुरासुरैर्वन्दितपादपद्मम्। ब्रह्मादयो यस्य मुखे विशन्ति प्रविश्वकुण्डे सुरलोकनाथ।

5.5) **अग्नि के** (अंगभूतकर्म सहित) **शेष संस्कार** :-

पारस्कर सूत्रों के आधार पर यहां अंगभूत कर्म और शेष संस्कारों का विधान बताया जा रहा है।

1. **'दक्षिणतो ब्रह्मासनमास्तीर्य'** इस सूत्र के अनुसार अग्नि के दक्षिण दिशा में यज्ञीय लकड़ी से बनी हुयी पीठ के ऊपर कुशा का आसन बिछाये -
'ॐ हिरण्यगर्भ समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्। स दाधार पृथिवीन्द्या मुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम।' और उस पर जिस कर्मज्ञाता चतुर्वेदी श्रोत्रिय ब्राह्मण को ब्रह्मा नामक ऋत्विक् के कर्म केलिये वरण किया था उन्हें बिठायें और पंचोपचारपूजा करें।
'ॐ आब्रह्मन्ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायतामाराष्ट्रे राजन्यः। शूरऽइषव्योतिव्याधीमाहारथो जायतान्दोग्ध्रीर्धेनु वोढा नड्वा-नाशुः सप्तिः पुरन्धिर्योषानिष्णुरथेष्ठाः सभे ये युवास्य यजमानस्य वीरो जायतान्निकामे नः कल्पताम्। (ऋग्वेदीय)'
ब्रह्मासन के समीप में यजमान का आसन बिछाये -
'ॐ अग्ने प्रेहि प्रथमो देवयताञ्चक्षुर्देवानामुत मर्त्यानाम्। इत

क्षमाण भृगुभिः सजोषा स्वर्प्यन्तु यजमाना स्वस्ति।' अग्नि के उत्तरदिशा में प्रणीतापात्र केलिये प्रागग्रकुशाओं का आसन बिछाये और प्रणीता आसन व अग्नि के बीच में प्रोक्षणी पात्र केलिये प्रागग्रकुशाओं का आसन बिछाये –

'ॐ परीत्यभूतानि परीत्यलोकान् परीत्यसर्वाः प्रदिशो दिशश्च। उपस्थाय प्रथमजामृतस्यात्वमनात्क्मानमभि संविवेश।'

2. **'प्रणीय'** (अप इति शेषः) अर्थात् अग्नि के उत्तर दिशा में पूर्वाग्र कुशाओं के दो आसन बिछायें। बायें हाथ में यज्ञीय लकड़ी से बना हुआ 12 अंगुल लम्बा 4 अंगुल चौड़ा और 4 अंगुल गहरा चमस पात्र रखकर उसमें दाहिने हाथ से उद्धृतपात्रस्थ जल को भरें। जल भरने का मन्त्र –

'ॐ उदुत्तमं वरुणपाशमस्मदवाधमं विमद्ध्यम ७श्रथाय। अथावयमादित्यव्रते तवानागसो अदितये स्याम ।1।

ॐ तत्त्वायामि ब्रह्मणा वन्दमानस्तदाशास्ते यजमानो हविर्भिः। अहेडमानो वरुणेहवोद्ध्युरूश७समान आयुः प्रमोषीः ।2।'

बायें हाथ से दाहिने हाथ में ग्रहण करें – **'ॐ इन्द्र आसान्नेता बृहस्पतिर्दक्षिणा यज्ञः पुरऽएतु सोमः। देवसेनानामभिभञ्जतीना-म्मरुतो यन्त्वग्रयम्।'** उस चमस पात्र को पहले पश्चिम आसन पर रखकर आलभन करने के बाद पूर्व आसन पर स्थापित करें।,

3. **'परिस्तीर्य'** अर्थात् एक मुष्टि पूर्वाग्र सोलह बर्हि लेकर ईशानादि से उत्तर तक अग्नि के चारों तरफ (प्रत्येक दिशा में 4 बर्हि) यज्ञकुण्ड की मेखला के नीचे बिछायें। परिस्तरण कर्म इस मन्त्र से करे–

'ॐ ये ते शतं वरुण ये सहस्रं यज्ञीयाः पाशा वितता महान्तः। तेभिर्नो अद्य सवितोदविष्णुर्विश्वे मुञ्चन्तु मरुतः स्वर्काः स्वाहा।'

4. **'अर्थवदासाद्य'** अर्थात् जितनी सामग्री है उसी के अनुसार अग्नि के उत्तर अथवा पश्चिम दिशा में (प्रयोग करने में अपनी अनुकूलता

को देखकर) पात्र आसादान करें। तत्र क्रमः "**पवित्र छेदनार्थं त्रयो दर्भाः। साग्रे अनन्तगर्भे प्रवित्रे, द्वे प्रोक्षणी पात्रे, आज्यं, आज्यस्थाली, चरुस्थाली, त्रिप्रक्षालिता तण्डुला, सम्मार्जन कुशाः पञ्च, उपयमन कुशाः सप्त, समिधस्तिस्रः, स्रुवः, स्रुक्, पूर्णपात्रं, अन्यान्युपकल्पनीयानि अर्कादिसमित्तिलादि हवनीयद्रव्याणि निधाय पवित्रे कुर्यात्। द्वयोरुपरि त्रीणि निधाय उपरि प्रादेशमात्रं अवशेषयित्वा दक्षिणकरेण द्वयोः पवित्रयोः मूलेन द्वौ कुशो प्रदक्षिणीकृत्य वामकरेण सर्वाणि पवित्राणि युगपद्धृत्वा दक्षिणकरांगुष्ठाङ्गुलि पर्वाभ्यां उपरि प्रादेशमात्रं छित्वा त्रीण्युत्तरतः क्षिपेत् द्वे ग्राह्ये।**" अर्थात् पवित्र छेदन केलिये 3 दर्भ, साग्र अनन्त गर्भ पवित्र, दो प्रोक्षणी पात्र, घी, आज्यस्थाली, चरुस्थाली, तीन बार प्रक्षालित चावल, 5 सम्मार्जन कुशा, 7 उपयमन कुशा, 3 समिधा, स्रुवा, स्रुक्, पूर्णपात्र, अन्य उपकल्पित अर्कादि समिधा सहित तिल आदि हवनीय द्रव्य को रखकर पवित्री निर्माण करें। दो के ऊपर 3 को रखकर ऊपरी प्रादेशमात्र को शेष करके दाहिने हाथ से दो पवित्रों के मूल से दो कुशाओं की प्रदक्षिणा लगाकर बायें हाथ से सभी को एक साथ धारण कर दाहिने हाथ के अंगुष्ठ व अंगुलि से ऊपर के प्रादेशमात्र का छेदन कर तीन को उत्तर दिशा में फेंके और दो को ग्रहण करें।

तत्पश्चात् प्रणीता आदि पात्रों को इस मन्त्र से ढके –

'ॐ तत्त्वायामि ब्रह्मणा वन्द मानस्तदाशास्ते यजमानो हविर्भिः।
अहेडमानो वरुणेहवो द्ध्युरूशꣳसमान आयुः प्रमोषीः।',

5. '**पवित्रे कृत्वा**' इस सूत्र के अनुसार पवित्री का निर्माण करना है जिसका लक्षण है –

'अनन्तर्गर्भिणं साग्रं कौशं द्विदलमेव च।
प्रादेशमात्रं विज्ञेयं पवित्रं यत्र कुत्रचित्।'

अर्थात् अन्तर्गर्भित न हो ऐसे अग्र सहित दोदलवाले प्रादेशमात्र लम्बे कुशा से पवित्र को बनाना चाहिये। कुशाओं को प्रादेशमात्र काटने केलिये इस मन्त्र का प्रयोग किया जाता है –

'ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिम्पुष्टिवर्धनम्।
उर्वारु कमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात्।1।
ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिम्पति वेदनम्।
उर्वारुकमिव बन्धनादितो मुक्षीय मामुतः।2।'

कुशाओं से पवित्री को बनाते वक्त इस मन्त्र का पाठ करे –

'ॐ पवित्रेस्थो वैष्णव्यो सवितुर्वः प्रसव।
उत्पुनाम्यच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्यस्य रश्मिभिः।1।
देवीरापो अग्रेगुवो अग्रपुवो अग्र इममद्य।
यज्ञन्नयताग्रे यज्ञपतिं सुधातुम्यज्ञपतिन्देव युवम्।

6. प्रोक्षणीपात्र–

'वारणं पाणिपात्रं च द्वादशांगुलविस्तृतम्।
पद्मपत्राकृतिर्वापि प्रोक्षणीपात्रमीरितम्।'

अर्थात् यज्ञीय लकड़ी से निर्मित 12 अंगुलवाला पाणिपात्र अथवा कमल के पत्ते के आकार में बनाये हुये पात्र को प्रोक्षणीपात्र कहा गया है। उसे इस मन्त्र से ग्रहण करें –

'ॐ इदम्मे वरुण श्रुधीहवमद्या च मृडय। त्वामवस्युराचके।'

अब दो पवित्र को प्रोक्षणीपात्र में डाले –

'ॐ देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्याम्पूष्णो हस्ताभ्याम्। अग्नये जुष्टं गृह्णामि।'

7. आज्यस्थाली–

'आज्यस्थाली कांस्यमयी यद्वा ताम्रमयी तथा।
प्रादेशमात्रदीर्घा सा ग्रहीतव्याऽव्रणा शुभा।'

अर्थात् प्रादेशमात्र नाप के कांसे की अथवा तांबे की

आज्यस्थाली ग्रहण करनी चाहिये और वह चोट, छेद, दाग आदि से रहित होनी चाहिये।

'ॐ घृतवती भुवनानाम भिश्रियोर्वी पृथ्वीमदुधुघे सुपेशसा। द्यावापृथिवी वरुणस्य घर्मणा विष्वग्भिस्तेऽजरे भूरि रेतसा।'

8. चरुस्थाली–

'दृढा प्रादेशमात्रोर्ध्वं तिर्यङ्नातिबृहन्मुखी।
मृन्मयौदुम्बरी वापि चरुस्थाली प्रशस्यते।'

अर्थात् मजबूत व प्रादेशमात्र ऊंची मिट्टी से बना अथवा गूलर की लकड़ी से बने हुये पात्र को चरुस्थाली के रूप में ग्रहण करना चाहिये और वह टेढा–मेढा न हो व बड़े मुंहवाला भी न हो।

'ॐ अन्नपतेऽअन्नस्य नो देह्यनमीवस्य शुष्मिणः। प्रप्प्रदातारं तारिषऽऊर्जन्नो धेहि। द्विपदे चतुष्पदे ।'

9. स्रुवा का लक्षण–

'खादिरादेः स्रुवः कार्यो हस्तमात्रप्रमाणतः।
अंगुष्ठपर्वखातं तत् त्रिभागं दीर्घपुष्करम्।।'

अर्थात् खैर आदि यज्ञीयवृक्षों की लकड़ी से बना हुआ एक हाथ लम्बा, त्रिकोणात्मक (गोल नहीं) अंगूठे के बराबर गहरा किन्तु उसके पुष्कर लम्बे हों ऐसा स्रुवा ही कर्म में प्रयोग करना चाहिये।

'ॐ स्रुचश्च मे चमसा च मे बायव्यानि च मे द्रोणकलशश्च मे ग्रावाणश्च मे धिषवणे च मे पूतभृच्च मऽआधवनीयश्च मे वेदिश्च मे बर्हिश्च मेऽअवभृतश्च मे स्वगाकारश्च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्।'

10. स्रुवसंमार्जनकुशा और उपयमनकुशा–

'स्रुवसंमार्जनार्थाय पंच वाथ त्रयोऽपि वा।
प्रादेशमात्रान्गृह्णीयात्संमार्जकुशसंज्ञकान्।।
उपयमनकुशाः सप्त पंच वाथ त्रयोऽपि वा।'

अर्थात् स्रुवा को साफ करने केलिये संमार्जनकुशा नाम से

प्रादेशमात्र लम्बे पांच अथवा तीन कुशा ग्रहण करें और उपयमनकर्म (स्रुवा पर बांधने केलिये) सात, पांच अथवा तीन कुशा ग्रहण करें। सम्मार्जन कुशा ग्रहण करे –

'ॐ शादन्दद्भिरवकान्दन्तमूलैर्मृदं वैस्तेमदुꣳष्ठाभ्याꣳसरस्वत्याऽअग्रजिह्वायाऽउत्सादमवक्त्रन्दैनतालुवाजꣳ हनुभ्यामपऽआश्येनवृषणमण्डाभ्यामादित्र्याँ। शमश्रूभिः पन्थानम्भूभ्या द्यावापृथिवीवर्तोभ्यां विद्युतङ्कनीनकाभ्या ꣳशुक्लाय स्वाहा कृष्णाय स्वाहा पार्याणि पक्ष्माणि पार्या इक्षवः।'

11. उपयमनकुशा ग्रहण करे – **'उपयाम गृहीतोऽस्यन्त र्यच्छ मघवन्पाहि सोमम्। उरुष्य रायऽएषो यजस्व।'**

सम्मार्जनीकुशाओं द्वारा प्रणीतापात्रस्थ जल से स्रुवा का प्रोक्षण करें (कुशा के अग्र से स्रुवा के अग्र का, मध्य से मध्य का और मूल से मूल का शोधन करे) –

'ॐ प्रत्युष्टꣳरक्षः प्रत्युष्टाऽअरातयो निष्टप्तꣳरक्षो निष्टप्ताऽअरातयः। उर्वन्तरिक्षमन्वैमि।'

समिधा के वृक्ष–

ब्रह्मपुराण में समिधा के योग्य वृक्षों के बारे में कहा है–

'शमीपलाशन्यग्रोधप्लक्षवैकंकतोद्भाः।1।
अश्वत्थोदुम्बरौ बिल्वश्चन्दनस्सरलस्तथा।
सालश्च देवदारुश्च खदिरश्चैव यज्ञीयाः।2।'

अर्थात् याग में इन वृक्षों की ही लकड़ी प्रयोग करने योग्य हैं– शमी, पलाश, वट, वैकंकती, पीपल, गूलर, बेल, चन्दन, चीड़, साल, देवदारु और खैर।

समिधा का लक्षण–

'नांगुष्ठादधिका ग्राह्या समित्स्थूलतया क्वचित्।
न वियुक्ता त्वचा चैव न सकीटा न पाटिता।1।

प्रादेशान्नाधिका नोना न तथा स्याद् द्विशाखिका।

न सपर्णा न निर्वीर्या होमेषु च विजानता।2।'

अर्थात् अंगूठे से ज्यादा मोटी न हो, त्वचा रहित न हो, कीड़े युक्त न हो, फटी न हो, दो शाखा युक्त न हो, पत्तों से युक्त न हो, वीर्य रहित न हो और प्रादेशमात्र से न ज्यादा लम्बी हो व न छोटी ही हो, ऐसी समिधा के योग्य पूर्वोक्त पवित्र वृक्षों की टहनियों से बनी समिधा ही हवन/याग में प्रयोग करें।

12. समिधा को ग्रहण करें –

'ॐ समिधग्निन्दुवस्यत घृतैर्वोधयतातिथिम्।

आस्मिन्हव्या जुहोतन।।'

आज्य विचारः –

'उत्तमं गोघृतं प्रोक्तं मध्यमं महिषीभवं।

अधमं छागलीजातं तस्माद् गव्यं प्रशस्यते।1।'

अर्थात् गौ का घी उत्तम है, भैंस का मध्यम और बकरी का अधम, इसलिये गौ का घी ही हवन, पूजा आदि कार्य केलिये सर्वश्रेष्ठ है।

चरुविचारः –

'हविष्येषु यवा मुख्यास्तदनु व्रीहयः स्मृताः।

यथोक्तवस्त्वसंपत्तौ ग्राह्यं तदनुकारि यत्।1।

यवानामिव गोधूमा व्रीहीणामिव शालयः।

अभावे व्रीहियवयोर्दध्ना वा पयसापि वा।2।'

अर्थात् हवन के योग्य धान्यों में जौ मुख्य है तत्पश्चात् चावल। यदि ये दोनों उपलब्ध न हो तो इनके सदृश क्षेत्रीय धान्य का प्रयोग करें, जैसे कि जौ के सदृश गेहूं को और चावल के सदृश स्यांवां चावल को माना गया है।

13. आज्यपात्र और चरुपात्र ग्रहण करें -

आज्यस्थाली में आज्य भरे और चरुपात्र में चरु भरे -

'ॐ घृताच्यासि जुहूर्नाम्ना सेदम्प्रियेण धाम्ना प्रिय ꣳसदऽआसीद घृताच्यासि प्रभृन्नाम्नासेदम्प्रियेण धाम्ना प्रियꣳसदऽआसीद घृताच्यासि ध्रुवाऽसदन्नृतस्ययोनौ ता विष्णो पाहि यज्ञम्पाहि यज्ञपतिम्पाहि मां यजन्तम्।।'

पूर्णपात्र विचार-

'अकृते पूर्णपात्रे च छिद्रयज्ञः प्रजायते।
पूर्णपात्रे च संपूर्णे सर्वसंपूर्णता भवेत्।।'

अर्थात् पूर्णपात्र न हो तो वह यज्ञ छिद्र युक्त होगा यानि यजमान केलिये हानिकारक होगा। इसके विपरीत यदि पूर्णपात्र संपूर्ण हो तो सब कुछ संपूर्ण होगा यानि यजमान की सकल कामनायें पूर्ण होंगी।

14. पूर्णपात्र ग्रहण करें- **'ॐ देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनो-र्बाहुभ्याम्पूष्णो हस्ताभ्याम्। अग्नीषोमोभ्यान्त्वा जुष्टन्नियुनज्मि।1। अद्भ्यस्त्वौषधीभ्यो न त्वा मातामन्यतामनुपितानुभ्राता सगर्भ्यो सखा सयूथ्यः अग्नीषोमोभ्यान्त्वा जुष्टं प्रोक्षामि।2।'**

15. **'प्रोक्षणीः संस्कृत्य'**

अर्थात् प्रोक्षणीपात्र को प्रणीतापात्र के उत्तर में स्थापित कर उसमें दूसरे पात्र से अथवा अपने हाथ से प्रणीतापात्र के जल से सींच के पवित्रों से उत्पवन करके उन पवित्रों को प्रोक्षणी पात्र में डालें। दाहिने हाथ से प्रोक्षणीपात्र को उठाकर बायें हाथ में रखकर उसके जल को उछालकर प्रणीतापात्र के जल से प्रोक्षण करें।

16. **'अर्थवत्प्रोक्ष्य'**

अर्थात् आज्यस्थाली से पूर्णपात्र पर्यन्त सकल पात्रों पर जिस क्रम से उन्हें रखा गया था उसी क्रम से प्रोक्षणीपात्र के जल से प्रोक्षण

करके प्रणीतापात्र और अग्नि के बीच में प्रोक्षणीपात्र को रखें।

17. **'निरूप्याज्यम्'**

अर्थात् अग्नि के निकट स्थापित आज्यस्थाली में रखे हुये घी में थोड़ा चरु का प्रक्षेप करें और चरुस्थाली में रखे हुये चरु पर प्रणीतापात्र के जल से प्रोक्षण करें।

18. **'अधिश्रित्य'**

अर्थात् ब्रह्मा ऋत्विक् (उसके अभाव में अध्वर्यु/होता/यजमान स्वयं) घी का अधिश्रयण कर चरु के साथ थोड़ा घी इस मंत्र से अग्नि में डालें।

'शन्नो देवीरभिष्टयऽआपो भवन्तु पीतये। शंय्योरभिस्रवन्तु नः।1। ॐ अनिशितोऽअसि सपत्नक्षिद्वा जिनिन्त्वा वाजेद्ध्यायै सम्मार्ज्मि।2।'

19. **'पर्यग्नि कुर्यात्'**

अर्थात् जलते हुये अंगारे से घी और चरु पर प्रदक्षिणा कराके यानि घुमाके अर्धश्रित चरु पर भी घुमायें। इससे सम्मार्जन कर प्रतपन करे –

'ॐ पुनन्तु मा देवजनाः पुनन्तु मनसा धियः। पुनन्तु विश्वा भूतानि जातवेदः पुनीहि मा।।'

20. **'स्रुवं प्रतप्य संमृज्य'**

अर्थात् दाहिने हाथ से स्रुवा को लेकर अधोमुख (उल्टा करके) अग्नि के पश्चिम भाग में पकड़के तपाकर बायें हाथ में पकड़ लें और उस पर संमार्जनी कुशाओं से स्रुवा का शोधन करें। कैसे? कुशा के अग्रभाग से स्रुवा के मूल से शुरुकर अग्र तक स्पर्श करते हुये जायें तथा कुशा के मूल से स्रुवा के अग्र से शुरुकर मूल तक स्पर्श करते जायें। पुनः स्रुवा को तपाये –

'ॐ तत्त्वायामि ब्रह्मणा वन्दमानस्तदाशास्ते यजमानो हविर्भिः। अहेडमानो वरुणेहवोद्ध्युरूशꣳसमान आयुः प्रमोषीः।।'

स्वस्थान में स्थापित करे -

'ॐ तमुत्त्वा द-ध्यङ् ऋषिः पुत्रऽअथर्वणः। वृत्रहणम्पुरन्दरम्।।',

21. **'पुनः प्रतप्य निदध्यात्'**

अर्थात् पूर्ववत् दोबारा तपाकर अपनी दाहिनी दिशा में रखें। आज्यपात्र को अग्नि की प्रदक्षिणा कराके स्वस्थान में रखें -

'ॐ तेजोऽसि शुक्रमस्यमृतमसि धामनामासि। प्रियन्देवानामना-धृष्टन्देवयजनमसि।।' चरुस्थाली को भी अग्नि की प्रदक्षिणा कराके स्वस्थान में रखें -

'ॐ पशुभिः पशूनाप्नोति पुरोडाशैर्हविꣳष्या।
छन्दोभिः सामिधेनी र्याज्याभिर्वषट्कारान्।।'

22. **'आज्यमुद्वास्य'**

अर्थात् आज्यस्थाली को उठाकर चरु की पूर्व दिशा से लाकर अग्नि की उत्तर दिशा में स्थापित करें और चरुस्थाली को उठाकर आज्यस्थाली की पश्चिम दिशा से लाकर आज्यस्थाली के उत्तरदिशा में रखें। आज्य का उत्पवन करें -

'ॐ प्रत्युष्टꣳरक्षः प्रत्युष्टाऽरातयो निष्टप्तꣳरक्षो निष्टप्ता-ऽअरातयः। उर्वन्तरिक्षमन्वैमि।।'

23. **'उत्पूय'**

अर्थात् घी के ऊपर पवित्रीकुशाओं (अथवा अपनी हथेली के माध्यम से) फूंक मारें।

तत्पश्चात् आज्यावेक्षण करें -

'ॐ आपवस्व हिरण्यवदस्ववत्सोम वीरवत्।
वाजङ्गोमन्त माभरत्स्वाहा।'

24. '**अवेक्ष्य**'

अर्थात् घी को अच्छी तरह देखे (गृहस्थ हो तो पत्नी को घी देखने को कहे) और उसमें कुछ अन्य द्रव्य दीखें तो निकाले।

25. '**कुशानाधाय**'

आज्य में कुशा को रखे – '**ॐ विष्णो रराटमसि विष्णोः श्नप्त्रेस्थो विष्णोः स्यूरसि विष्णोर्ध्रुवोऽसि। वैष्णवमसि विष्णवे त्वा।।**',

26. '**प्रोक्षणीश्च पूर्ववत्**'

अर्थात् प्रोक्षणी पात्र पर भी पूर्ववत् पवित्री कुशाओं से उत्पवन करें। जलती हुयी कुशा से आज्यपात्र, चरुस्थाली और अग्नि के ऊपर प्रदक्षिणा के क्रम से घुमाकर अग्नि में डाले – '**ॐ धृष्टिरस्यपाग्नेऽअग्निमामादृंहि निष्क्रव्यादꣳसेधा देवयजं वह। ध्रुवमसि पृथिवीदृꣳह ब्रह्मवनित्वा क्षत्रवनि सजात वन्युपद-धामि भ्रातृव्यस्य वधाय।।**',

27. '**उपयमनान्कुशानादाय**'

अर्थात् उपयमनकुशाओं को दाहिने हाथ से लेकर बायीं ओर रखें।

28. '**समिधोऽभ्याधाय**'

अर्थात् बैठे हुये समिधा को घी से युक्त कर अग्नि में डालकर अग्नि को आहुतियां डालने के योग्य तेज करें।

29. '**पर्युक्ष्य जुहुयात्**'

अर्थात् प्रोक्षणीपात्र के पूरे जल को पवित्री धारण किये हुये दाहिने हाथ के चुल्लु में भरकर ईशान दिशा से आरम्भकर उत्तरदिशा तक घुमाते हुये अग्नि के चारों तरफ सींचें। तत्पश्चात् संस्रव को धारण करने केलिये प्रणीतापात्र और अग्नि के बीच में थोड़े जल से

भरे संस्रवपात्र को स्थापित कर सर्वप्रथम गणाधिपति गणेश भगवान को आहुति देकर आघार आदि पांच वारुणक आहुतियां दें। पांच वारुणक आहुतियों के बारे में त्रिकारिका में कहा है कि–

'आघारौ नासिके ज्ञेया आज्यभागौ च चक्षुषी।
वक्त्रश्चोदरकुक्षी च कटी व्याहृतिभिः स्मृता।1।

शिरो हस्तौ च पादौ च पंचवारुणकाः स्मृताः।
प्रजापतिः स्विष्टकृतं श्रोत्रे द्वे परिकीर्तिते।2।'

अर्थात् ऐसी भावना करें कि आप आहुतियों से अग्निदेव के शरीर का निर्माण कर रहे हैं। कैसे? दो आघार आहुतियों से दो नासिका, दो आज्यभाग आहुतियों से दो आंख, तीन व्याहृतियों से मुख, पेट और कुक्षी; पाचं वारुणक आहुतियों से कटि, सिर, हाथ और दो पैर तथा अन्त में प्रजापति देवता की आहुति और स्विष्टकृत् होम से दो कानों के निर्मित होने की भावना करें।

तदनन्तर '**फट्**' मन्त्र से जल से प्रोक्षण कर कुशा से ताडन करे। '**हुम्**' से अवगुण्ठन करे। स्थण्डिल पर क्रमशः पूर्वाग्र तीन रेखा बनायें और उन पर उत्तराग्र क्रमशः मध्य, पश्चिम और पूर्व में तीन रेखा बनायें।

उन रेखाओं पर लेखन क्रम से गन्धाक्षतपुष्प से पूजा करें –

'ॐ ब्रह्मणे नमः, ॐ यमाय नमः, ॐ सोमाय नमः, ॐ रुद्राय नमः, ॐ विष्णवे नमः, ॐ इन्द्राय नमः।।'

इसके बाद अपने शरीर में षडंगन्यास करे–

'ॐ सहस्रार्चिषे हृदयाय नमः, ॐ स्वास्तिपूर्णाय शिरसे स्वाहा, ॐउत्तिष्ठपुरुषाय शिखायै वषट्, ॐ धूमव्यापिने कवचाय हुम्, ॐ सप्तजिह्वाय नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ धनुर्धराय अस्त्राय फट्।।'

अब स्थण्डिल पर क्रमशः गन्धाक्षतपुष्प से पूजा करे :–

‘**ॐ सहस्रार्चिषे नमः** – आग्नेय, **ॐ स्वास्तिपूर्णाय नमः** – ईशान, **ॐ उत्तिष्ठपुरुषाय नमः** – नैर्ऋत्य, **ॐ धूमव्यापिने नमः** – वायव्य, **ॐ सप्तजिह्वाय नमः** – मध्य और **ॐ धनुर्धराय नमः** – सर्वदिशा। स्थण्डिल पर अष्टकोणषट्कोणत्रिकोणात्मक अग्निचक्र की प्रवेशद्वार के रूप में भावना करे और त्रिकोण में अष्टदिक् की भावना कर प्रदक्षिणा के क्रम से पीठशक्तियों की पूजा करे –

‘**ॐ पीतायै नमः, ॐ श्वेतायै नमः, ॐ अरुणायै नमः, ॐ कृष्णायै नमः, ॐ धूम्रायै नमः, ॐ तीव्रायै नमः, ॐ स्फुलिंगिन्यै नमः, ॐ रुचिरायै नमः, ॐ ज्वालिन्यै नमः।**

(पीठ के बीच में–) **ॐ तं तमसे नमः, ॐ रं रजसे नमः, ॐ सं सत्त्वाय नमः, ॐ आं आत्मने नमः, ॐ अं अन्तरात्मने नमः, ॐ पं परमात्मने नमः, ॐ ह्रीं ज्ञानात्मने नमः।**

(त्रिकोण में –) **ॐ ह्रीं वागीश्वरी वागीश्वराभ्यां नमः** (इस मन्त्र से वागीश्वरी और वागीश्वर में उत्पन्न होनेवाली अग्नि के माता–पिता की भावना करते हुये पूजा करें। तत्र विशेषः – उस अग्नि से क्रव्यादांश के रूप में एक अंगारे को अलग कर ‘**फट्**’ मन्त्र से नैर्ऋत्य दिशा में फेंके। अग्नि को ‘**ॐ**’ से निरीक्षण कर ‘**ॐ सुदर्शनायास्त्रराजाय फट्**’ मन्त्र से कुशाओं से अग्नि का पुनः ताडन कर अवगुण्ठन करे। तत्पश्चात् ‘**ॐ कवचाय हुम्**’ मन्त्र से समिधाओं से अग्नि को प्रदीप्त करे। अग्नि का उपस्थान करे–

‘**ॐ अग्निं प्रज्वलितं वन्दे जातवेदं हुताशनम्। सुवर्णवर्णममलं समिद्धं विश्वतोमुखम्।।**’ और उत्थापन करे – ‘**ॐ उत्तिष्ठ पुरुष हरितपिंगल लोहिताक्ष सर्वकर्माणि साधय मे देहि दापय स्वाहा**’। अब ताम्रपात्रस्थ उस अग्नि को ‘**ॐ**’ मन्त्र से स्थण्डिल के ऊपर तीन बार घुमाकर अग्नि को पात्र से स्थण्डिल पर रखे। ‘**चित्पिंगल हन हन दह दह पच पच सर्वज्ञाज्ञपय स्वाहा**’ से समिधायें डालकर

अग्नि को प्रदीप्त कर ज्वालिनीमुद्रा दर्शाये। तत्श्चात् अग्नि के गर्भाधान से विवाह पर्यन्त संस्कारों की भावना करते हुये अक्षत को अग्नि में निम्न विधि से अर्पण करे

'ॐ नमः अस्याग्नेः गर्भाधानकर्म, पुंसवनकर्म, सीमन्तोन्नयन-कर्म, जातकर्म, रक्षोघ्नानिरिति नाम्ना नामकरणकर्म कल्पयामि नमः। ॐ नमः अस्य रक्षोघ्नाग्नेः अन्नप्राशन कर्म, चौलकर्म, उपनयनकर्म, गोदानकर्म, विवाहकर्म कल्पयामि नमः।'

तदनन्तर जल से प्रणवोच्चारणपूर्वक अग्नि का परिसेचन कर अग्नि के अलंकारार्थ आज्याहुति देके कुशाओं से आस्तरण कर्म करे। परिधियों से परिधान कर वैश्वानराग्नि के विराजमान होने की भावना करे -

'त्रिनयनमरुणाप्तबद्धमौलिं सुशुक्लां,
शुक्रमरुणमनेकाकल्पमम्भोजसंस्थम्।
अभिमतवरशक्तिं स्वस्तिकाभीतिहस्तं,
नमस्ते कनकमालालंकृतांसं कृषानुम्।।'

अब 8 कोणों में प्रदक्षिणा क्रम से आज्याहुति दे-

'ॐ जातवेदसे नमः, ॐ सप्तजिह्वाय नमः, ॐ हव्य वाहनाय नमः, ॐ अश्वोदराय नमः, ॐ वैश्वानराय नमः, ॐ कौमार-तेजसे नमः, ॐ विश्वमुखाय नमः, ॐ देवमुखाय नमः।'

पुनः अक्षतों से षट्कोण में षडंगन्यास करे -

'ॐ सहस्रार्चिषे हृदयाय नमः, ॐ स्वास्तिपूर्णाय शिरसे स्वाहा, ॐ उत्तिष्ठपुरुषाय शिखायै वषट्, ॐ धूमव्यापिने कवचाय हुम्, ॐ सप्तजिह्वाय नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ ध नुर्धराय अस्त्राय फट्।।'

पुष्पाक्षत से अग्नि की पूजा करे - **'ॐ रं वैश्वानर जातवेद इहावह लोहिताक्ष सर्वकर्माणि साधय स्वाहा।'**

अग्नि की सात जिह्वाओं में आज्याहुति दें-

'ॐ हिरण्यायै नमः हिरण्याया इदं न मम स्वाहा - ईशाने,
ॐ कनकायै नमः कनकाया इदं न मम स्वाहा - पूर्वे,
ॐ रक्तायै नमः रक्ताया इदं न मम स्वाहा -आग्नेये,
ॐ कृष्णायै नमः कृष्णाया इदं न मम स्वाहा - नैऋत्ये,
ॐ सुप्रभायै नमः सुप्रभाया इदं न मम स्वाहा -पश्चिमे,
ॐ अतिरिक्तायै नमः, अतिरिक्ताया इदं न मम स्वाहा - वायव्ये,
ॐ बहुरूपायै नमः बहुरूपाया इदं न मम स्वाहा - मध्ये।

तदनन्तर तीन विशेष आहुति दे-

'ॐ रं वैश्वानर जातवेद इहावह लोहिताक्ष सर्वकर्माणि साधय स्वाहा अग्नये इदं न मम, ॐ उत्तिष्ठ पुरुष हरितपिंगल लोहिताक्ष सर्वकर्माणि साधय मे देहि दापय स्वाहा अग्नये इदं न मम, ॐ चित्पिंगल हन हन दह दह पच पच सर्वज्ञाज्ञपय स्वाहा अग्नये इदं न मम।'

5.6) अथ **रक्षोघ्नहोमे प्रधान** आहुतयः -

(द्रव्य विशेष का निर्देश जहां नहीं वहां घी की आहुति दें।)

(3 आहुति घी की दें)- **ॐ गं महागणाधिपतये नमः स्वाहा।,**

(2 आहुति पक्वाहुति दें)-**ॐ विज्योतिषा बृहता भात्यग्निरा-विर्विश्वानि कृणुते महित्वा। प्रादेवीर्माया सहते दुरेवाशिशीते शृंगे रक्षसे विनिक्षे।।- अग्नये रक्षोघ्ने स्वाहा, अग्नये रक्षोघ्न इदं न मम।1। ॐ रक्षोहणं वाजिनमाजिघर्मि मित्रं प्रतिष्ठमुपयामि शर्म। शिशानो अग्निः क्रतुभिः समिद्धः स नो दिवा सरिषः पातु नक्तम्।।- अग्नये रक्षोघ्ने स्वाहा, अग्नये रक्षोघ्न इदं न मम।2।,**

(15 आहुति घी की दें)-**ॐ कृणुष्व पाज प्रसितिं न पृथ्वीं याहि राजेवामवा इभेन। तृष्वीमनुप्रसितिं द्रूणानोऽअस्तासि विध्य रक्षसस्तपिष्ठैः।।- अग्नये रक्षोघ्ने स्वाहा, अग्नये रक्षोघ्न इदं न**

मम ।1। ॐ तव भ्रमास आशु या पतन्त्यनुस्पृश धृषता शोशुचानः। तपूंष्यग्ने जुह्वा पतंगा न संदितो विसृज विष्वगुल्काः।।– अग्नये रक्षोघ्ने स्वाहा, अग्नये रक्षोघ्न इदं न मम ।2। ॐ प्रतिस्पशो विसृज तूर्णितवो भवा पायुर्विशो अस्या अदब्धः। यो नो दूरे अघशंसो यो अन्त्यग्ने माकिष्टे व्यथिरा-दधर्षीत्।।– अग्नये रक्षोघ्ने स्वाहा, अग्नये रक्षोघ्न इदं न मम ।3। ॐ उदग्ने तिष्ठ प्रत्यातनुष्वन्य। मित्रा ओषतात्तिग्महेते। यो नो अरातिं समिधान चक्रे नीचा तं धक्ष्यतसं न शुष्कम्।।– अग्नये रक्षोघ्ने स्वाहा, अग्नये रक्षोघ्न इदं न मम ।4। ॐ ऊर्ध्वो भव प्रतिविध्याध्यस्मदाविष्कृष्णुष्वदैव्यान्यग्ने। अवस्थिरा तनुहि यातुजानां जामिमजामिं प्रमृणीहि शत्रून्।।– अग्नये रक्षोघ्ने स्वाहा, अग्नये रक्षोघ्न इदं न मम ।5। ॐ स ते जानाति सुमतिं यविष्ठ य ईवते ब्रह्मणे गातुमैरत्। विश्वन्यस्मै सुदिनानि रायो द्यूम्नान्यर्यो विदुरोऽभिद्यौत्।।– अग्नये रक्षोघ्ने स्वाहा, अग्नये रक्षोघ्न इदं न मम ।6। ॐ सेदग्नेऽअस्तु सुभगस्सुदानुर्यस्त्वा नित्येन हविषा य उक्थैः। पिप्रीषति स्व आयुषि दुरोणे विश्वेदस्मै सुदिना साऽअसदिष्टिः।।– अग्नये रक्षोघ्ने स्वाहा, अग्नये रक्षोघ्न इदं न मम ।7। ॐ अर्चामि ते सुमतिं घोष्यर्वाक्सन्ते वावाता जरतामियं गीः। स्वश्वास्त्वा सुरथामर्जये मास्मे क्षत्राणि धारयेरनु द्यून्।।– अग्नये रक्षोघ्ने स्वाहा, अग्नये रक्षोघ्न इदं न मम ।8। ॐ इह त्वा भूर्या चरेदुपत्मन्दोषा वस्तर्दीदिवांसमनु द्यून्। क्रीळन्तस्त्वा सुमनसस्सपेमाभि द्युम्ना तस्थिवांसो जनानाम्।।– अग्नये रक्षोघ्ने स्वाहा, अग्नये रक्षोघ्न इदं न मम ।9। ॐ यस्त्वा स्वश्वस्सुहिरण्यो अग्न उपयाति वसुमता रथेन। तस्य त्राता भवसि तस्य सखा यस्त आतिथ्यमानुषग्जुजोषत्।।– अग्नये रक्षोघ्ने स्वाहा, अग्नये रक्षोघ्न इदं न मम ।10। ॐ महो रुजामि बन्धुता वचोभिस्तन्मा

पितुर्गोतमादन्वियाय। त्वं नो अस्य वचसश्चिचक्लिद्धि होतर्यविष्ठ सुक्रतो दमूनाः।।- अग्नये रक्षोघ्ने स्वाहा, अग्नये रक्षोघ्न इदं न मम।11। ॐ अस्वप्नजस्तरणयस्सुशेवा अतन्द्रासोवृका अश्रमिष्ठाः। ते पायवस्सध्र्यंचो निषद्याग्ने तव नः पान्त्वमूर।।- अग्नये रक्षोघ्ने स्वाहा, अग्नये रक्षोघ्न इदं न मम।12। ॐ ये पायवो मामतेयं ते अग्ने पश्यन्तोऽअन्धं दुरितादरक्षन्। ररक्ष तान्सुकृतो विश्ववेदा दिप्सन्त इद्रिपवो नाह देभुः।।- अग्नये रक्षोघ्ने स्वाहा, अग्नये रक्षोघ्न इदं न मम।13। ॐ त्वया वयं सधन्यऽ1अस्त्वोतास्तव प्रणेत्यश्याम वाजान्। उभाशंसा सूदय सत्यता तेऽअनुष्ठुया कृणुह्यह्रयाण।।- अग्नये रक्षोघ्ने स्वाहा, अग्नये रक्षोघ्न इदं न मम।14। ॐ अया ते अग्ने समिधा विधेम प्रतिस्तोमं शस्यमानं गृभाय। दहाशसो रक्षसः पाह्यऽस्मान्द्रुहो निदो मित्रमहो अवद्यात्।।- अग्नये रक्षोघ्ने स्वाहा, अग्नये रक्षोघ्न इदं न मम।15।

(5 आहुति घी की दें)- ॐ ये देवाः पुरस्सदोऽअग्निनेत्रा रक्षोहणस्ते नः पान्तु ते नोऽअवन्तु तेभ्यो नमस्तेभ्यः स्वाहा समूढं रक्षः सन्दग्धं रक्ष इदमहं रक्षोभि सन्दहामि।।- अग्नये रक्षोघ्ने स्वाहा, अग्नये रक्षोघ्न इदं न मम।1। ॐ ये देवाः दक्षिणसदो यमनेत्रा रक्षोहणस्ते नः पान्तु ते नोऽअवन्तु तेभ्यो नमस्तेभ्यः स्वाहा समूढं रक्षः सन्दग्धं रक्ष इदमहं रक्षोभि सन्दहामि।।- यमाय रक्षोघ्ने स्वाहा, यमाय रक्षोघ्न इदं न मम।2। ॐ ये देवाः पश्चात्सदस्सवितृनेत्रा रक्षोहणस्ते नः पान्तु ते नोऽअवन्तु तेभ्यो नमस्तेभ्यः स्वाहा समूढं रक्षः सन्दग्धं रक्ष इदमहं रक्षोभि सन्दहामि।।- सवित्रे रक्षोघ्ने स्वाहा, सवित्रे रक्षोघ्न इदं न मम।3। ॐ ये देवाः उत्तरसदो वरुणनेत्रा रक्षोहणस्ते नः पान्तु ते नोऽअवन्तु तेभ्यो नमस्तेभ्यः स्वाहा समूढं रक्षः सन्दग्धं रक्ष इदमहं रक्षोभि सन्दहामि।।-

वरुणाय रक्षोघ्ने स्वाहा, वरुणाय रक्षोघ्न इदं न मम ।4। ॐ ये देवाः उपरिषदो बृहस्पतिनेत्रा रक्षोहणस्ते नः पान्तु ते नोऽअवन्तु तेभ्यो नमस्तेभ्यः स्वाहा समूढं रक्षः सन्दग्धं रक्ष इदमहं रक्षोभि सन्दहामि ।।- बृहस्पते दुवस्पते रक्षोघ्ने स्वाहा, बृहस्पते दुवस्पते रक्षोघ्न इदं न मम ।5।

(पुनः 5 आहुति घी की दें)- ॐ जातवेदसे सुनवाम सोममरातीयतो निदहाति वेदः। स नः पर्षदति दुर्गाणि विश्वा नावेव सिन्धुं दुरिताऽअत्यग्निः ।।- जातवेदसे रक्षोघ्न्यै स्वाहा, जातवेदसे रक्षोघ्न्यै इदं न मम ।1। ॐ तामग्निवर्णां तपसा ज्वलन्तीं वैरोचनीं कर्मफलेषु जुष्टां। दुर्गां देवीं शरणमहं प्रपद्ये सुतरसि तरसे नमः ।।- दुर्गायै रक्षोघ्न्यै स्वाहा, दुर्गायै रक्षोघ्न्यै इदं न मम ।2। ॐ अग्ने त्वं पारया नव्योऽअस्मान्स्वस्तिभिरति दुर्गाणि विश्वा। पूश्च पृथ्वी बहुला न ऊर्वी भवा तोकाय तनयाय शंयोः ।।- अग्नये रक्षोघ्ने स्वाहा, अग्नये रक्षोघ्न इदं न मम ।3। ॐ विश्वानि नो दुर्गहा जातवेदस्सिन्धुं न नावा दुरिताऽअतिपर्षि। अग्ने अत्रिवन्मनसा गृणानोऽअस्माकं बोध्यविता तनूनाम् ।।- अग्नये रक्षोघ्ने स्वाहा, अग्नये रक्षोघ्न इदं न मम ।4। ॐ पृतना जितं सहमानमुग्रमग्निं हुवेम परमा सधस्थात्। स नः पर्षदति दुर्गाणि विश्वा क्षामद्देवोऽअतिदुरिताऽअत्यग्निः ।।- अग्नये रक्षोघ्ने स्वाहा, अग्नये रक्षोघ्न इदं न मम ।5।

(पुनः 4 आहुति घी की दें)- ॐ भूरग्नये च पृथिव्यै च महते च स्वाहा, अग्नये च पृथिव्यै च महत इदं न मम। ॐ भुवो वायवे चान्तरिक्षाय च महते च स्वाहा, वायवे चान्तरिक्षाय च महत इदं न मम। ॐ स्वरादित्याय च दिवे च महते च स्वाहा, आदित्याय च दिवे च महत इदं न मम। ॐ भूर्भुःस्वश्चन्द्रमसे च नक्षत्रेभ्यश्च दिग्भ्यश्च महते च स्वाहा, चन्द्रमसे च नक्षत्रेभ्यश्च दिग्भ्यश्च

महत इदं न मम। (अब अघोर मन्त्र से 108 आहुति अपामार्ग + चरु + समिधा + घी की दें)-

अथ विनियोगः -**ॐ अस्याघोरमन्त्रस्याघोर ऋषिः, त्रिष्टुप्छन्दः, अघोररुद्रो देवता, अघोरदेवताप्रसादसिद्ध्यर्थे होमे विनियोगः।**

अथ ऋष्यादि न्यासः - **ॐ अघोर ऋषये नमः** - शिरसि, **ॐ त्रिष्टुप्छन्दसे नमः** - मुखे, **ॐ अघोररुद्रदेवताभ्यो नमः** - हृदये, **अघोरदेवताप्रसादसिद्ध्यर्थे होमे विनियोगाय नमः** - सर्वांगे।

अथ करन्यासः - **ॐ ह्रीं स्फुर स्फुर** -अंगुष्ठाभ्यां नमः। **ॐ प्रस्फुर प्रस्फुर**-तर्जनीभ्यां नमः। **ॐ घोरघोरतरतनुरूप** - मध्यमाभ्यां नमः। **ॐ चट चट प्रकट प्रकट** - अनामिकाभ्यां नमः। **ॐ कह कह वम वम** -कनिष्ठिकाभ्यां नमः। **ॐ बन्धय बन्धय घातय घातय हुं फट् स्वाहा** -करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।

अथ हृदयादिन्यासः - **ॐ ह्रीं स्फुर स्फुर** - हृदयाय नमः। **ॐ प्रस्फुर प्रस्फुर** - शिरसे स्वाहा। **ॐ घोरघोरतरतनुरूप** - शिखायै वषट्। **ॐ चट चट प्रकट प्रकट** - कवचाय हुम्। **ॐ कह कह वम वम** - नेत्रत्रयाय वौषट्। **ॐ बन्धय बन्धय घातय घातय हुं फट् स्वाहा** - अस्त्राय फट्।

अथ ध्यानम् - **सजलघनसमाभं भीमदंष्ट्रं त्रिनेत्रं भुजगधरमघोरं रक्तवस्त्रांगरागं। परशुडमरुखड्गान् खेटकं बाणचापौ त्रिशिख-नरकपाले बिभ्रतं भावयामि।।**

(अब इस मन्त्र से हवन करें) '**ॐ ह्रीं स्फुर स्फुर प्रस्फुर प्रस्फुर घोरघोरतरतनुरूप चट चट प्रकट प्रकट कह कह वम वम बन्धय बन्धय घातय घातय हुं फट् स्वाहा।**'

तत्पश्चात् स्विष्टकृद्धोम से प्रायश्चित्त पर्यन्त कर्म करें - (ब्रह्मार्पण

आहुति दें-) **ॐ इतः पूर्वं प्राणबुद्धिदेहधर्माधिकारतो जाग्रत्स्वप्न-सुषुप्त्यवस्थासु मनसा वाचा कर्मणा हस्ताभ्यां पद्भ्यामुदरेण शिश्ना यत्स्मृतं यत्कृतं यदुक्तं तत्सर्वं ब्रह्मार्पणं भवतु स्वाहा, परब्रह्मण इदं न मम।**

(प्रायश्चित्त आहुति दें -) **अस्मिन्रक्षोघ्नहवनकर्मणि मध्ये संभावित समस्तमन्त्रलोपतन्त्रलोपद्रव्यलोपक्रियालोपाज्यलोपन्यूनातिरेक-विस्मृतिविपर्यासप्रायश्चित्तार्थं सर्वप्रायश्चित्तं होष्यामि ॐ भूर्भुवस्स्वः प्रजापतये स्वाहा, प्रजापतय इदं न मम। ॐ श्री विष्णवे नमः स्वाहा, विष्णवे इदं न मम। ॐ नमो रुद्राय पशुपतये स्वाहा, रुद्राय पशुपतय इदं न मम।** (जल का स्पर्श करे और अग्नि देवता केलिये विशेष आहुति दें-)

ॐ सप्त ते अग्ने समिधः सप्त जिह्वाः सप्त ऋषयः सप्त धामप्रियाणि। सप्त होत्राः सप्तधा त्वा यजन्ति योनिरापृणस्व घृतेन स्वाहा।। अग्नये सप्तवत इदं न मम।'

तदनन्तर बलि प्रदान कर होमशेषकर्म करें। पुनः पूजा करके कलश का उद्वास करें। कलशोदक के साथ संपाताज्य को मिलाकर अपामार्गसहित कुशाओं से संपूर्ण घर में प्रोक्षण करें। तदनन्तर राक्षोघ्नहोमाग्नि को घर के ईशान भाग में कुछ समय रखकर विसर्जन करें।

---00000---

6. वास्तुपूजनप्रकरणम्

6.1) अब **वास्तुमण्डल लेखन** करें –

नारद संहिता 32.1–3 में गृहप्रवेशकर्म में प्रयुक्त वास्तुमण्डल के बारे में कहा है –

'वास्तुपूजामहं वक्ष्ये नववेश्मप्रवेशने।
हस्तमात्रा लिखेद्रेखा दशपूर्वा दशोत्तराः ।1।
गृहमध्ये तण्डुलोपर्येकाशीतिपदे भवेत्।
पंचोत्तरान्वक्ष्यमाणांश्चत्वारिंशत्सु वा न्यसेत् ।2।
द्वात्रिंशद्बाह्यतः पूज्यास्तत्रान्तःस्थास्त्रयोदश।
तेषां स्थानानि नामानि वक्ष्यामि क्रमशोऽधुना ।3।'

(अर्थात् अब मैं नये घर में प्रवेश करने हेतु वास्तुपूजा कहूंगा। यजमान के हाथ की लम्बाई के समान लम्बी व समान चौड़ी वेदी पर चावलके ऊपर 10 रेखा पूर्व से पश्चिम को और 10 रेखा उत्तर से दक्षिण को बनायें जिससे 81 पद यानि कोष्ठक बनेंगे। जिनके भीतर 49 देवता हैं, जिनमें से भीतर 13 और बाहर 36 होंगे और शेष बाहर मेखलाओं में 28 देवता स्थापित होंगे। कुल 77 देवता हैं। उन सबके स्थान और नाम को ईशानादि क्रम से कहूंगा।)

घर के ईशान दिशा में स्थित कमरे की पूजामण्डप के रूप में कल्पना करके उसके ईशान कोण में ग्रहवेदी और पश्चिम अथवा नैर्ऋत्य में वास्तुपीठ की स्थापना करें। ध्यान दें – मत्स्यपुराण आदि अन्य वास्तुशास्त्रों में कर्म भेद से 51पद, 64पद, 81पद, 100पद, 119पद, 144पद, 169पद, 196पद, 1000पद और लक्षपद के वास्तु मण्डल रचनाप्रकारभेद सहित वर्णित हैं। किन्तु –

'एकाशीतिपदं वास्तु गृहकर्मणि शस्यते।
चतुःषष्टिपदो वास्तुः प्रासादे देवभूभुजाम्।।'

(अर्थात् 81पद का वास्तुमण्डल गृहप्रवेशकर्म में और

देवमन्दिर, देवयज्ञवेदी तथा राजाओं के प्रासाद के शोधन केलिये 64 पद का वास्तुमण्डल श्रेष्ठ है।) तदनुसार 81पद के वास्तुमण्डल की वास्तुपीठ पर रचना करके रंग भरें (चित्र सं. 1 पृष्ठ सं. 134 देखें) वास्तुपीठ के ईशान भाग अथवा मध्य में दो कलशों की स्थापना करें।

6.2) सर्वप्रथम पूरे **पूजामण्डप का ध्यान** करें–

'ॐ उत्तप्तोज्ज्वलकांचनेन रचितं तुंगांगरंगस्थलं, शुद्धस्फाटिकभित्तिकाविलसितैः स्तम्भैश्च हेमैः शुभैः। द्वारैश्चामररत्नराजिखचितैः शोभावहैर्मण्डपै, श्छत्राकैरभिचित्रशंखधवलैः प्रभ्राजितं स्वस्तिकैः ।1। मुक्तादामविलम्बमण्डपयुतै वज्रैश्च सोपानकैः, नानारत्नविमिश्रितैश्च फलकैरत्यन्तशोभावहैः। माणिक्योज्ज्वलदीप्तदीप्तिमुकुटं लक्ष्मीविलासास्पदं, ध्याये-न्मण्डपमर्चनेषु सकलेष्वेवं विधं साधकः ।2।'

6.3) अब **वास्तुपूजन का संकल्प** करें – देशकाल के कथन पूर्वक कहे – **एतत्प्रासादावच्छिन्नभूम्यधिष्ठितदेवतोपरोधजनितोपसर्गनिवृत्तिपूर्वकप्रासादाधिष्ठितवास्तुपुरुष प्रीतयेऽत्र करिष्यमाणनित्यनैमित्तिककाम्याकाम्य कर्मोपासनादीनामस्य वास्तोश्च शुभतासिद्धिद्वारा शिख्यादिदेवप्रीत्यर्थं यथाविभवदेशकालाद्यनुसारतो यथाप्राप्तोपचारसम्भारैः वास्तुपूजनकर्माहं करिष्ये।**

वास्तुमण्डल के ईशानादि चार कोणों में प्रदक्षिणा के क्रम से उदुम्बर अथवा लोहे की चार कील गाढ़ें –

'ॐ विशन्तु भूतले नागा लोकपालाश्च सर्वतः।
मण्डपेऽत्रावतिष्ठन्तु ह्यायुर्बलकराः सदा।।'

अब ईशानादि क्रम से ही कीलों के बगल में माषभक्तदध्योदान की बलि दें –

'ॐ रुद्रेभ्यश्च सर्पेभ्यो ये चान्ये तत्समाश्रिताः।
बलिं तेभ्यः प्रयच्छामि गृह्णन्तु सततोत्सुकाः ।1।

ॐ अग्नीभ्योऽप्यथ सर्पेभ्यो ये चान्ये तत्समाश्रिताः।
बलिं तेभ्यः प्रयच्छामि पुण्यमोदनमुत्तमम्।2।
ॐ नैर्ऋत्याधिपतिश्चैव नैर्ऋत्यां ये च राक्षसाः।
बलिं तेभ्यः प्रयच्छामि सर्वे गृह्णन्तु मन्त्रितम्।3।
ॐ वायव्याधिपतिश्चैव वायव्यां ये च राक्षसाः।
बलिं तेभ्यः प्रयच्छामि पुण्यमोदनमुत्तमम्।4।

6.4) पुष्पाक्षतादि से पूर्व से पश्चिम की ओर बनायी गयी 9 **रेखाओं का पूजन करें** –

1. **ॐ लक्ष्म्यै नमः**, 2. **ॐ यशोवत्यै नमः**, 3. **ॐ कान्तायै नमः**, 4. **ॐ सुप्रियायै नमः**, 5. **विमलायै नमः**, 6. **ॐ श्रियै नमः**, 7. **ॐ सुभगायै नमः**, 8. **ॐ सुमत्यै नमः**, 9. **ॐ इडायै नमः**।

तथा पुष्पाक्षतादि से दक्षिण से उत्तर की ओर बनायी गयी 9 रेखाओं का पूजन करें – 1. **ॐ धान्यायै नमः**, 2. **ॐ प्रणायै नमः**, 3. **ॐ विशालायै नमः**, 4. **ॐ स्थिरायै नमः**, 5. **ॐ भद्रायै नमः**, 6. **ॐ लयायै नमः**, 7. **ॐ निशायै नमः**, 8. **ॐ विरजायै नमः**, 9. **ॐ विभवायै नमः**। (अथवा क्रमशः '**ॐ शान्तायै नमः, ॐ यशोवत्यै नमः, ॐ कान्तायै नमः, ॐ विशालायै नमः, ॐ प्राणवाहिन्यै नमः, ॐ सत्यै नमः, ॐ सुमनायै नमः, ॐ नन्दायै नमः, ॐ सुभद्रायै नमः**'। और '**ॐ हिरण्यायै नमः, ॐ सुव्रतायै नमः, ॐ लक्ष्म्यै नमः, ॐ विभूत्यै नमः, ॐ विमलायै नमः, ॐ प्रियायै नमः, ॐ जयायै नमः, ॐ कालायै नमः, ॐ विशोकायै नमः**'।)

अक्षतपुष्पादि से उन रेखाओं में प्राण प्रतिष्ठा करें –

'**ॐ मनो जूतिर्जुषतामाज्यस्य बृहस्पतिर्यज्ञमिमं तनोत्वरिष्टं यज्ञꣳसमिमं दधातु। विश्वे देवासऽइह मादयन्तामों3 प्रतिष्ठ।।**'

और '**ॐ भूर्भवःस्वः रेखादेवताभ्यो नमः**' गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य और सर्वोपचारार्थ नमस्कार समर्पण करें। '**अनेन रेखादेवतानां पंचोपचारैः कृतेन पूजनेन रेखादेवताः प्रीयन्तां न मम**'।

तदनन्तर द्वारपालों की पूजा करें।

पूर्वद्वार पर– '**ॐ द्वारश्रियै नमः, ॐ ब्राह्मयै नमः, ॐ माहेश्वर्यै नमः।**'

दक्षिणद्वार पर– '**ॐ द्वारश्रियै नमः, ॐ कौमार्यै नमः, ॐ वैष्णव्यै नमः।**'

पश्चिमद्वार पर– '**ॐ द्वारश्रियै नमः, ॐ वाराह्यै नमः, ॐ माहेन्द्र्यै नमः।**'

उत्तरद्वार पर– '**ॐ द्वारश्रियै नमः, ॐ चामुण्डायै नमः, ॐ महालक्ष्म्यै नमः।**'

6.5) अब **पीठपूजा** करें –

'**ॐ मण्डूकाय नमः, ॐ आधार शक्त्यै नमः, ॐ मूलप्रकृत्यै नमः, ॐ कालाग्निरुद्राय नमः, ॐ महामण्डूकाय नमः, ॐ कूर्माय नमः, ॐ वराहाय नमः, ॐ अनन्ताय नमः, ॐ पृथिव्यै नमः, ॐ अमृतार्णवाय नमः, ॐ रत्नद्वीपाय नमः, ॐ हेमगिरये नमः, ॐ नन्दनोद्यानाय नमः, ॐ मणिभूम्यै नमः, ॐ रत्नमण्डपाय नमः, ॐ कल्पतरवे नमः, ॐ रत्नसिंहासनाय नमः, ॐ धर्माय नमः, ॐ ज्ञानाय नमः, ॐ वैराग्याय नमः, ॐ ऐश्वर्याय नमः, ॐ अधर्माय नमः, ॐ अज्ञानाय नमः, ॐ अवैराग्याय नमः, ॐ अनैश्वर्याय नमः, ॐ ब्रह्मणे नमः, ॐ अनन्ताय नमः, (मध्ये) ॐ वास्तुपुरुषाय नमः। पीठपूजां समर्पयामि नमस्करोमि।**'

6.6) तत्पश्चात् **नवशक्तियों** की पूजा करें –

'**ॐ सजयायै नमः, ॐ विजयायै नमः, ॐ जिताह्वयायै नमः, ॐ अपराजितायै नमः, ॐ नित्यायै नमः, ॐ विलासिन्यै नमः, ॐ रौद्र्यै नमः, ॐ अघोरायै नमः, ॐ मंगलायै नमः। आवाहयामि, पूजयामि, नमस्करोमि।**'

6.7) वास्तुमण्डलपूजनम्

वास्तुदेवता का ध्यान करें :-

'आसीत्पूर्वं महादैत्यौ वास्तुर्यज्ञोपकारकः ।
स देवैर्बहुकालेन युद्धे हत्वा महीतले ।1 ।
निपात्य बहुभिर्देवैर्निबद्धश्चतुरस्रकः ।
ईशाने मस्तको न्यस्तो नैर्ऋत्ये पादसंपुटम् ।2 ।
जानुनी कूर्परीकृत्य बाहुयुग्मं तथैव च ।
वायव्याग्न्योस्ततो जानुं हृदये चांजलिस्तथा ।3 ।
पदौ कृत्य च तस्योर्ध्वं स्वयं मुक्ताः सुराः स्थिताः ।
कृतांजलिरधोवक्त्रो वास्तुमूर्तिः प्रकीर्तितः ।4 ।
वास्तुमूर्ति महाकायः कृष्णांगो रक्तलोचनः ।
एकाननो द्विबाहुश्च बर्बरांगश्चतुर्धरः ।5 ।
वज्रदेहो सुराकारो रक्तश्मश्रुशिरोरुहः ।
ईशान्यमस्तकः क्रुद्धो नैर्ऋत्यां गतपादकः ।6 ।

ॐ भूः वास्तुपुरुषमावाहयामि। ॐ भुवः वास्तुपुरुषमावाहयामि। ॐ स्वः वास्तुपुरुषमावाहयामि। ॐ भूर्भुवः स्वः वास्तुपुरुषमहापराक्रम सर्वदेवाश्रितशरीर ब्रह्मपुत्र सकल-ब्रह्माण्डधारक भगवन्निहागच्छ। ॐ आगच्छ भगवन्वास्तो सर्वदेवैरधिष्ठित। भगवन्कुरु कल्याणं यज्ञेऽस्मिन्सन्निधौ भव।।

वास्तुपुरुष का पुष्पाक्षतों से आवाहनादि करें -

'ॐ वास्तोष्पत इति मन्त्रस्य मैत्रावरुण ऋषिः, त्रिष्टुप्छन्दः, वास्तोष्पतिर्देवता, आवाहनादिकर्मणि विनियोगः। (अथवा 'ॐ वास्तोष्पत इति मन्त्रस्य वसिष्ठ ऋषिः, त्रिष्टुप्छन्दः, वास्तोष्पतिर्देवता, वृषवास्तुप्रतिष्ठापने विनियोगः।) ॐ वास्तोष्पते प्रतिजानीह्यस्मान्त्स्वावेशो अनमीवोभवानः। यत्त्वेमहे प्रति तन्नो जुषस्व शन्नो भव द्विपदे शं चतुष्पदे। भो वास्तुपुरुष

इह तिष्ठ। ॐ भूर्भुवः स्वः वास्तुपुरुषं सशक्तिं सांगं सायुधं सपरिवार मस्मिन्कुंभे आवाहयामि, स्थापयामि, पूजयामि, नमस्करोमि।' पुष्पचन्दनाक्षतों को हाथ में लेकर वास्तुमण्डल का दर्शन व निरीक्षण करें –

'देवाराधनमण्डलं सुरगणावासं सदा भद्रकं,
कर्तृदर्शनमात्रतः शुभकरं तत्पंचभूतात्मकं।
वर्णाध्यक्षरसंयुतं भयहरं तद्यागपुण्योदयं,
नानामन्त्रमयं समस्तनमितं ध्यायेन्मनोनन्दनम्।1।
स्वर्णभूमिसितं तोयं तेजोऽनलनिभं तथा।
पिशंगं गगनाकारं स्वर्णद्रव्याणि कल्पयेत्।2।
अरिष्टानि बहून्यस्मिन्दुष्कृतानि शतैरपि।
मण्डलानि निरीक्ष्यन्ते यथा युक्तेषु कातरात्।3।'

पुष्पादि को मण्डल पर प्रक्षेप करें –

'ॐ सर्वज्ञानक्रियाव्यक्तकमलासनाय योगपीठात्मने नमः।'

अब वास्तुमण्डल में चित्र सं. 2 पृ. सं. 135 में दर्शित संख्याक्रम से अथवा चित्र सं. 3 पृ.सं. 136 में दर्शित संख्या क्रम से आवाहनादि कर्म करें।

1. वास्तुमण्डल के मध्य में दो सुपारी रखकर उनमें वास्तु और ब्रह्मा का आवाहन करें –
   'ॐ वास्तोष्पत इति मन्त्रस्य मैत्रावरुण ऋषिः, त्रिष्टुप्छन्दः, वास्तोष्पति देवता, आवाहनादिकर्मणि विनियोगः। (और) **ॐ ब्रह्मणेति मन्त्रस्य विश्वामित्र ऋषिः, त्रिष्टुप्छन्दः, ब्रह्मा देवता, आवाहनादिकर्मणि विनियोगः। ॐ वास्तोष्पते प्रतिजानीह्यस्मान्त्स्वावेशो अनमीवोभवानः। यत्त्वेमहे प्रति तन्नो जुषस्व शन्नो भव द्विपदे शं चतुष्पदे।। ॐ ब्रह्मणा ते ब्रह्मयुजा युनज्मि हरी सखाया सधमाद आशु। स्थिरं रथं सुखमिन्द्राधितिष्ठन्प्रजानन्विद्वा उप याहि सोमम्।। ॐ**

भूर्भुवःस्वः वास्तु पुरुषब्रह्माणौ सशक्तिं सांगं सायुधं सपरिवारम स्मिन्मण्डलमध्ये आवाहयामि।'

अब क्रम से वास्तुमण्डल के प्रत्येक देवता का आवाहन तत्तत्प्रकोष्ठ में एक-एक सुपारी रखते हुये करें -

2. **ॐ भूर्भवःस्वः अर्यमाय नमः अर्यम्णमावाहयामि।**
3. **ॐ भूर्भवःस्वः सवित्रे नमः सवितारमावाहयामि।**
4. **ॐ भूर्भवःस्वः विवस्वते नमः विवस्वन्तमावाहयामि।**
5. **ॐ भूर्भवःस्वः इन्द्राय नमः इन्द्रमावाहयामि।**
6. **ॐ भूर्भवःस्वः मित्राय नमः मित्रमावाहयामि।**
7. **ॐ भूर्भवःस्वः राजयक्ष्मणे नमः राजयक्ष्मणमावाहयामि।**
8. **ॐ भूर्भवःस्वः भूधराय नमः भूधरमावाहयामि।**
9. **ॐ भूर्भवःस्वः आपवत्साय नमः आपवत्समावाहयामि।**
10. **ॐ भूर्भवःस्वः अद्भ्यो नमः अपामावाहयामि।**
11. **ॐ भूर्भवःस्वः सवित्रे नमः सवितारमावाहयामि।**
12. **ॐ भूर्भवःस्वः जयाय नमः जयमावाहयामि।**
13. **ॐ भूर्भवःस्वः रुद्राय नमः रुद्रमावाहयामि।**
14. **ॐ भूर्भवःस्वः शिखिने नमः शिखिनमावाहयामि।**
15. **ॐ भूर्भवःस्वः पर्जन्याय नमः पर्जन्यमावाहयामि।**
16. **ॐ भूर्भवःस्वः जयन्ताय नमः जयन्तमावाहयामि।**
17. **ॐ भूर्भवःस्वः इन्द्राय नमः इन्द्रमावाहयामि।**
18. **ॐ भूर्भवःस्वः सूर्याय नमः सूर्यमावाहयामि।**
19. **ॐ भूर्भवःस्वः सत्याय नमः सत्यमावाहयामि।**
20. **ॐ भूर्भवःस्वः भृशाय नमः भृशमावाहयामि।**
21. **ॐ भूर्भवःस्वः आकाशाय नमः आकाशमावाहयामि।**
22. **ॐ भूर्भवःस्वः वायवे नमः वायुमावाहयामि।**
23. **ॐ भूर्भवःस्वः पूष्णे नमः पूष्णमावाहयामि।**

24. ॐ भूर्भव:स्व: वितथाय नमः वितथमावाहयामि।
25. ॐ भूर्भव:स्व: गृहक्षताय नमः गृहक्षतमावाहयामि।
26. ॐ भूर्भव:स्व: यमाय नमः यममावाहयामि।
27. ॐ भूर्भव:स्व: गन्धर्वाय नमः गन्धर्वमावाहयामि।
28. ॐ भूर्भव:स्व: भृंगराजाय नमः भृंगमावाहयामि।
29. ॐ भूर्भव:स्व: मृगाय नमः मृगमावाहयामि।
30. ॐ भूर्भव:स्व: पितृभ्यो नमः पितृनावाहयामि।
31. ॐ भूर्भव:स्व: दौवारिकाय नमः दौवारिकमावाहयामि।
32. ॐ भूर्भव:स्व: सुग्रीवाय नमः सुग्रीवमावाहयामि।
33. ॐ भूर्भव:स्व: पुष्पदन्ताय नमः पुश्पदन्तमावाहयामि।
34. ॐ भूर्भव:स्व: वरुणाय नमः वरुणमावाहयामि।
35. ॐ भूर्भव:स्व: असुराय नमः असुरमावाहयामि।
36. ॐ भूर्भव:स्व: शेषाय नमः शेषमावाहयामि।
37. ॐ भूर्भव:स्व: पापयक्ष्मणे नमः पापयक्ष्मणमावाहयामि।
38. ॐ भूर्भव:स्व: रोगघ्नाय नमः रोगघ्नमावाहयामि।
39. ॐ भूर्भव:स्व: नागाय नमः नागमावाहयामि।
40. ॐ भूर्भव:स्व: मुख्याय नमः मुख्यमावाहयामि।
41. ॐ भूर्भव:स्व: भल्लाटाय नमः भल्लाटमावाहयामि।
42. ॐ भूर्भव:स्व: सोमाय नमः सोममावाहयामि।
43. ॐ भूर्भव:स्व: फणिने नमः फणिनमावाहयामि।
44. ॐ भूर्भव:स्व: अदित्यै नमः अदितिमावाहयामि।
45. ॐ भूर्भव:स्व: दित्यै नमः दितिमावाहयामि।

अब मण्डल के बाहर प्रथम मेखला यानि श्वेत परिधि में पूर्वादि क्रम से 4 दिशाओं में :–

46. ॐ भूर्भव:स्व: स्कन्दाय नमः स्कन्दमावाहयामि।(पूर्व)
47. ॐ भूर्भव:स्व: अर्यमाय नमः अर्यममावाहयामि।(दक्षिण)
48. ॐ भूर्भव:स्व: जम्भाय नमः जम्भमावाहयामि। (पश्चिम)

49. ॐ भूर्भवःस्वः पिलिपिच्छाय नमः पिलिपिच्छमावाहयामि।
(उत्तर)

अब मण्डल के बाहर प्रथम मेखला यानि श्वेत परिधि में ईशानादि क्रम से 4 प्रदिशाओं में –

50. ॐ भूर्भवःस्वः चरक्यै नमः चरकीमावाहयामि। (ईशान)

51. ॐ भूर्भवःस्वः विदार्यै नमः विदारीमावाहयामि। (आग्नेय)

52. ॐ भूर्भवःस्वः पूतनायै नमः पूतनामावाहयामि।(नैर्ऋत्य)

53. ॐ भूर्भवःस्वः पापराक्षस्यै नमः पापराक्षसीमावाहयामि।
(वायव्य)

अब मण्डल के बाहर द्वितीय मेखला यानि रक्तपरिधि में पूर्वादि क्रम से 8 दिशाओं में इन दिक्पालों का आवाहन करें

54. ॐ भूर्भवःस्वः इन्द्राय नमः इन्द्रमावाहयामि।

55. ॐ भूर्भवःस्वः अग्नये नमः अग्निमावाहयामि।

56. ॐ भूर्भवःस्वः यमाय नमः यममावाहयामि।

57. ॐ भूर्भवःस्वः निर्ऋतये नमः निर्ऋतिमावाहयामि।

58. ॐ भूर्भवःस्वः वरुणाय नमः वरुणमावाहयामि।

59. ॐ भूर्भवःस्वः वायवे नमः वायुमावाहयामि।

60. ॐ भूर्भवःस्वः सोमाय नमः सोममावाहयामि।

61. ॐ भूर्भवःस्वः ईशानाय नमः ईशानमावाहयामि।

पुनः 6 उपदिशाओं में ब्रह्मादि का आवाहन करें–

ईशान और पूर्व के मध्य में –

62. ॐ भूर्भवःस्वः ब्रह्मणे नमः ब्रह्माणमावाहयामि।

निर्ऋति और पश्चिम के मध्य में –

63. ॐ भूर्भवःस्वः अनन्ताय नमः अनन्तमावाहयामि।'

उसी पर पुनः पूर्वादिक्रम से उग्रसेनादिका आवाहन करें –

64. पूर्व में इन्द्र से उत्तर में

'ॐ भूर्भवःस्वः उग्रसेनाय नमः उग्रसेनमावाहयामि'।

65. दक्षिण में यम से उत्तर में –

'ॐ भूर्भवःस्वः डामराय नमः डामरमावाहयामि'।

66. पश्चिम में वरुण से उत्तर में

'ॐ भूर्भवःस्वः महाकालाय नमः महाकालमावाहयामि'।

67. उत्तर में सोम से उत्तर में

'ॐ भूर्भवःस्वः पिलिपिच्छाय नमः पिलिपिच्छमावाहयामि'।

अब मण्डल के बाहर तृतीय मेखला यानि कृष्णपरिधि में पूर्वादि क्रम से इन देवताओं का आवाहन करें –

68. पूर्व में –

'ॐ भूर्भवःस्वः हेतुकाय नमः हेतुकमावाहयामि'।

69. आग्नेय में –

'ॐ भूर्भवःस्वः त्रिपुरान्तकाय नमः त्रिपुरान्तकमावाहयामि'।

70. दक्षिण में –

'ॐ भूर्भवःस्वः अग्निवैतालाय नमः अग्निवैतालमावाहयामि'।

71. नैर्ऋत्य में –

'ॐ भूर्भवःस्वः असिवैतालाय नमः असिवैतालमावाहयामि'।

72. पश्चिम में –

'ॐ भूर्भवःस्वः कालाय नमः कालमावाहयामि'।

73. वायव्य में –

'ॐ भूर्भवःस्वः करालाय नमः करालमावाहयामि'।

74. उत्तर में –

'ॐ भूर्भवःस्वः एकपादाय नमः एकपादमावाहयामि'।

75. ईशान्य में –

'ॐ भूर्भवःस्वः भीमरूपाय नमः भीमरूपमावाहयामि'।

76. पूर्व और ईशान के बीच में –

'ॐ भूर्भवःस्वः खेचराय नमः खेचरमावाहयामि'।

77. निर्ऋति और पश्चिम के बीच में –

'ॐ भूर्भवःस्वः तलवासिने नमः तलवासिनमावाहयामि'।

इसी प्रकार सूर्यादिनवग्रहों और क्षेत्रपालादियों का मेखलाओं में अथवा पृथक्पीठ में तत्तन्मूर्ति/तत्तद्धान्य/सुपारी में तत्तन्मन्त्रों से आवाहन करें।

तत्पश्चात् **'ॐ वास्तुपीठदेवताभ्यो नमः'** नमस्कार करें। अब सब की एकसाथ प्राणप्रतिष्ठा करें– **'ॐ आं ह्रीं क्रों यंरंलंवंशंषंसंहों सं हं सः। सग्रहपुरस्सरं वास्तुमण्डलदेवताः प्राणा इह प्राणाः।1। ॐ आं ह्रीं क्रों यंरंलंवंशंषंसंहों सं हं सः। सपरिवार सग्रहपुरस्सरं वास्तु मण्डलदेवताः सर्वेन्द्रियाणि इहस्थितानि पृथिव्यप्तेजोवाय्वाकाश–शब्दस्पर्शरूपरसगन्ध–श्रोत्रत्वक्चक्षुः रसनाघ्राण–वाक्पाणिपादपायूपस्थ–वचनादानविहरणविसर्गानन्द–मनोबुद्धिचित्ताहंकार–ज्ञानात्मपरमात्मन इहैवागत्यसुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा।2। ॐ असुनीत इति मन्त्रस्य बन्ध्वादय ऋषयः, त्रिष्टुप्छन्दः, असुनीती देवता आवाहनकर्मणि विनियोगः। ॐ असुनीते पुनरस्मासु चक्षुः पुनः प्राणमिह नो धेहि भोगम्। ज्योक्पश्येम सूर्य मुच्चरन्तमनुमते मृळया नः स्वस्ति।3। ॐ मनो जूतिर्जुषता माज्यस्य बृहस्पतिर्यज्ञमिमं तनोत्वरिष्टं यज्ञꣳसमिमं दधातु। विश्वेदेवासऽइह मादयन्तामों3 प्रतिष्ठ।4।'**

पुनः आवाहन करें – **'ॐ भूर्भुवःस्वः सग्रहपुरस्सरं वास्तुमण्डल–देवताः अत्रैव आगच्छ आगच्छ आवाहयामि। आवाहितो भव। संस्थापितो भव। सन्निहितो भव। सन्निरुद्धो भव। अवकुण्ठितो भव। अमृतीकृतो भव। प्रसन्नो भव। कर्मणि संभावितदोषा–न्क्षमस्व।'** (यदि मुद्राओं का ज्ञान हो तो आवाहनी आदि 6 मुद्राओं को प्रदर्शित करें।) तत्पश्चात् आवाहित समस्त देवताओं का

पृथक्–पृथक् षोडशोपचार पूजन करें। अथवा एक साथ सब को समर्पित करें – '**इदं पाद्यं, एषोऽर्घ्यः, इदमाचमनीयम्, इदं स्नानम्, इदं वस्त्रम्, इदं गन्धम्, एतेऽक्षताः, एतानि पुष्पाणि, एष धूपः, एष दीपः, एतानि नानाविधानि नैवेद्यानि, इदमा चमनीयम्, इदं ताम्बूलम्, एषा दक्षिणा। ॐ इह स्थापित देवताभ्यो नमः इमान्युपचाराणि समर्पयामि यथाविभागं पूजनं वो नमः।**'

अब प्रधानवास्तुपुरुषदेवता का प्राणप्रतिष्ठा पूर्वक पूजन करें – '**ॐ अस्य श्रीप्राणप्रतिष्ठामन्त्रस्य ब्रह्माविष्णुरुद्रा ऋषयः, ऋग्यजुःसामानि छन्दांसि, क्रिया मयवपुः प्राणाख्या देवता, ॐ बीजं, ह्रीं शक्तिः, क्रौं कीलकम्, प्राणप्रतिष्ठापने विनियोगः।**'

अथ ऋष्यादिन्यासः – **ॐ ब्रह्माविष्णुरुद्रा ऋषिभ्यो नमः** – शिरसि, **ॐ ऋग्यजुःसामाछन्दोभ्यो नमः** – मुखे, **ॐ प्राणाख्यादेवतायै नमः** – हृदये, **ॐ बीजाय नमः** – गुह्ये, **ॐ ह्रीं शक्तये नमः** – पादयोः, **ॐ क्रौं कीलकाय नमः** – नाभौ, **ॐ प्राणप्रतिष्ठापने विनियोगाय नमः** – सर्वांगे। स्वयं में और मूर्ति/यन्त्र में हृदयादिन्यास करें – **ॐ कंखंगंघंङं अं पृथिव्यप्तेजोवाय्वाकाशात्मने आं हृदयाय नमः** – हृदये, **ॐ चंछंजंझंञं इं शब्दस्पर्शरूपरसगन्धात्मने ईं शिरसे स्वाहा** – शिरसि, **ॐ टंठंडंढंणं उं श्रोत्रत्वक्चक्षुर्जिह्वा घ्राणात्मने ऊं शिखायै वषट्** – शिखायां, **ॐ तंथंदंधंनं एं वाक्पाणिपादपायूपस्थात्मने ऐं कवचाय हुम्** – बाहौ, **ॐ पंफंबंभंमं ओं वचनादानविहरणोत्सर्गानन्दात्मने औं नेत्रत्रयाय वौषट्** – त्रिनेत्रेषु, **ॐ यंरंलंवंशंषंसंहंळंक्षं अं मनोबुद्ध्यहंकारचित्तात्मने अः अस्त्राय फट्** – सर्वांगे। मूर्ति/यन्त्र को स्पर्श कर जपें – '**ॐ आं क्रौं ह्रीं यंरंलंवंशंषंसंहंळंक्षं हंसः सोऽहम् अस्य देवस्य प्राणा इह प्राणाः।**' (पुनः) '**ॐ आं क्रौं ह्रीं यंरंलंवंशंषंसंहंळंक्षं हंसः सोऽहम् अस्य देवस्य जीव इह स्थितः।**' (पुनः) '**ॐ आं क्रौं ह्रीं**

यंरंलंवंशंषंसंहंळंक्षं हंसः सोऽहम् अस्य देवस्य श्रोत्रत्वक्चक्षु-जिह्वाघ्राणवाक्पाणिपादपायूपस्थ मनोबुद्ध्यहंकारचित्तानीहैवा-गत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा ।' मूर्ति/यन्त्र के हृदय को अपने दाहिने हाथ के अंगूठे से स्पर्श करके जपे- **'अस्यै प्राणाः प्रतिष्ठन्तु, अस्यै प्राणाश्चरन्तु च। अस्यै देवत्वमर्चायै मामहेति च कश्चन। ॐ मनो जूतिर्जुषतामाज्यस्य बृहस्पतिर्यज्ञमिमं तनोत्वरिष्टं यज्ञꣳसमिमं दधातु। विश्वेदेवासऽइहमादयन्तामों3 प्रतिष्ठ।'**

अथ ध्यानम् -

'ॐ भगवन्देवदेवेश ब्रह्मादिदेवतात्मक।
तव पूजां करिष्यामि प्रसादं कुरु मे प्रभो।।'

षोडशोपचारपूजन करें - **'ॐ वास्तुपुरुषाय नमः पाद्यं समर्पयामि पूजयामि नमस्करोमि।'** इसी प्रकार अर्घ्य, आचमन, पंचामृत, शुद्धोदक, यज्ञोपवीत, वस्त्र, गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य, फल, ताम्बूल, दक्षिणा आदि समर्पण करें। प्रार्थना करें -

'वास्तुपुरुष नमस्तेऽस्तु भूशय्याभिरत प्रभो।
मद्गृहं धनधान्यादिसमृद्धं कुरु सर्वदा।।'

अब विशेष अर्घ्य दें -

'ॐ पूज्योऽसि त्रिषु लोकेषु यज्ञरक्षार्थहेतवे।
त्वद्विना च न सिद्ध्यन्ति यज्ञदानान्यनेकशः।1।
अयोने भगवन्भर्गललाटस्वेदसम्भव।
गृहाणार्घ्यं मया दत्तं वास्तो स्वामिन्नमोऽस्तु ते।2।'

6.8) तदनन्तर उसके अंगभूत दो **कलशों की स्थापना** वास्तुमण्डल के मध्य में स्थित 4 कोष्ठकों में करें।

1. पूजाभूमि को जल से प्रोक्षण कर अभिमन्त्रित करें -
'ॐ महीद्यौरिति मन्त्रस्य काण्वो मेधातिथि ऋषिः, गायत्री छन्दः, द्यावापृथिव्यौ देवते, भूमिपूजने विनियोगः। ॐ महीद्यौः पृथ्वीचन इमं यज्ञं मिमिक्षताम्। पिपृतान्नो

भरीमभिः ।।'

2. भूमि पर थोड़ा चावल रखें – '**ॐ येन तोकेति मन्त्रस्य आत्रेय श्वावाश्व ऋषिः, बृहती छन्दः, मरुत्सतौ देवते, कलशासने विनियोगः। ॐ येन तोकाय तनयाय धान्यं बीजं वहध्वेऽ-अक्षितम्। अस्मभ्यं तद्धत्तन यद्व ईमहे राधो विश्वायु सौभगम्।।**'

3. उस पर सामान्यार्ध्यपात्र को स्थापित करें – '**ॐ अकलशेष्विति मन्त्रस्य गाधि विश्वामित्र ऋषिः, गायत्री छन्दः, पवमानसोमौ देवते, कलशस्थापने विनियोगः। ॐ अकलशेषु धावति पवित्रे परिशिच्यते। उक्थैयज्ञेषु वर्धते।।**' और '**ॐ आजिघ्र-कलशं मह्यात्वाविश न्त्विन्दवः। पुनरूर्जा निवर्त्तस्वसानः सहस्रं धुक्ष्वोरुधारा पयस्वतीपुनर्माविशताद्रयिः।।**'

4. कलश के गले में मौलि बांधें – '**ॐ तन्तुमिति मन्त्रस्य देव ऋषिः, गायत्री छन्दः, अग्निर्देवता, तन्तुवेष्टने विनियोगः। ॐ तन्तुं तन्वन रजसो भानुमन्वि हि ज्योतिष्मतः पथो रक्ष धिया कृतान्। अनुल्बणं वयत जोगुवामपो मनुर्भव जनया दैव्यं जनम्।।**'

5. कलश को पवित्रजल से थोड़ा भरें – '**ॐ इमं मे गंगेति मन्त्रस्य सिन्धुक्षित्प्रैयमेध ऋषिः, जगती छन्दः, नदी देवता, जलपूरणे विनियोगः। ॐ इमं मे गंगे यमुने सरस्वति शतुद्रि स्तोमं सचता परुष्ण्या। असिक्न्या मरुद्वृधे वितस्तयाऽर्जीकीये श्रृणु ह्यासुषोमया।।**' और '**ॐ वरुणस्योत्तम्भनमसि वरुणस्य स्कम्भसर्जनीस्थो वरुणस्यऽऋतसदन्न्यसि। वरुण-स्यऽऋतसदनमसि वरुणस्यऽऋतसदनमासीद।।**

6. कलश को कषाय जल से थोड़ा भरें – '**ॐ या ओषधीरिति-मन्त्रस्य अथर्वण ऋषिः, अनुष्टुप्छन्दः, भिषगोषधयो देवताः, कषायजलपूरणे विनियोगः। ॐ या ओषधीः पूर्वा जाता देवेभ्यस्त्रियुगं पुरा। मन्ये नु बभ्रूणामहं शतं धामानि**

सप्त च।।'

7. कलश में गन्ध का प्रक्षेप करें- '**ॐ गन्धद्वारां**'।
8. कलश में पूगीफल का प्रक्षेप करें -'**ॐ याः फलिनीर्याऽ अफलाऽअपुष्पा याश्च पुष्पिणीः। बृहस्पति प्रसूतास्ता नो मुंचन्त्वꣳहसः।।**'
9. कलश में पुष्प का प्रक्षेप करें - '**ॐ आयने ते**'
10. कलश को वस्त्र से अलंकृत करें - '**ॐ वस्त्राणि**'
11. कलश में नवरत्न डालें - '**ॐ स हि रत्नानीति मन्त्रस्य श्वावाश्व ऋषिः, गायत्री छन्दः, सविता देवता, नवरत्न-निक्षेपे विनियोगः। ॐ स हि रत्नानि दाशुषे सुवाति सविता भगः। तं भागं चित्रमीमहे।।**' अथवा पंच रत्नों को डालें- '**ॐ परिवाजपतिः कविरग्निर्हव्यान्यक्रमीत्। दधद्रत्नानि दाशुषे।।**'
12. तदनन्तर कलश में दक्षिणा डालें- '**ॐ हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेकऽआसीत्। सदाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम।।**'
13. कलश में सर्वौषधी डालें-'**ॐ याऽओषधीः पूर्वाजाता देवेभ्य-स्त्रियुगं पुरा। मनैनु बभ्रूणामहꣳशतं धामानि सप्त च।।**'
14. घोड़ा-हाथी-वल्मीक-गोष्ठ-राजद्वार-चौराहा आदि सात अथवा नौ स्थानों की पवित्र मिट्टी को कलश में डालें - '**ॐ उद्धृतासि वराहेण कृष्णेन शतबाहुना। मृत्तिके हर मे पापं यन्मया दुष्कृतं कृतं।।**' और '**ॐ स्योना पृथिवी नो भवान्नृक्षरान्निवेशिनी। यच्छानः शर्म सप्रथाः।।**'
15. कलश में पंचगव्य डालें - आचार्यकर्म प्रकरण में उक्त प्रक्रिया से क्रमशः गायत्री मन्त्र से गोमूत्र को, गन्धद्वारा इत्यादि मन्त्र से गोबर को, आप्यायस्व इत्यादि मन्त्र से दूध को, दधिक्राव्णा इत्यादि मन्त्र से दही को, तेजोऽसि शुक्रं इत्यादि मन्त्र से घी को

और देवस्य त्वा इत्यादि मन्त्र से कुशोदक को डालें।

16. कलश में दूर्वा डालें – '**ॐ काण्डात्काण्डात्प्ररोहन्ती परुषः परुषस्परि। एवानो दूर्वे प्रतनु सहस्रेण शतेन च।।**'

17. कलश में पंच पल्लव रखें – '**ॐ अश्वत्थेति मन्त्रस्य अथर्वण ऋषिः, अनुष्टुप्छन्दः, भिषगोषधयो देवताः, पंचपल्लवस्थापने विनियोगः। ॐ अश्वत्थे वो निषेदनं पर्णे वो वसतिष्कृता। गोभाज इत्किलासयथयत्सन्वत्पूरुषम्।।**'

18. दर्भपवित्र डालें – '**ॐ पवित्रेस्थो वैष्णव्यौ सवितुर्वः प्रसवऽ-उत्पुनाम्यच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्यस्य रश्मिभिः। तस्य ते पवित्रपते पवित्रपूतस्य यत्कामः पुनेतच्छकेयम्।।**'

19. कलश में कूर्च रखें – '**ॐ पवित्रमिति मन्त्रस्य परब्रह्मा ऋषिः, त्रिष्टुप्छन्दः, परमात्मा देवता, कूर्चनिधाने विनि योगः। ॐ पवित्रं ते विततं ब्रह्मणस्पते प्रभुर्गात्राणिपर्येषि विश्वतः। अतप्त तनूर्नतदावोऽश्नुते श्रुतासः इद्वहंतस्तत्समाशत।।**'

20. कलश पर स्थापित पंचपल्लवों को फैलाकर उस पर चावल से भरे पात्र को रखें –'**ॐ पूर्णा दर्वीति मन्त्रस्य विश्वेदेवा ऋषयः, अनुष्टुप्छन्दः, शतक्रतु देवता, तण्डुलपूरित-पात्रनिधाने विनियोगः। ॐ पूर्णा दर्वि परापत सुपूर्णा पुनरापत। वस्नेव विक्रीणावहा इषमूर्जं शतक्रतो।**'

(यदि मूर्ति/यन्त्र की स्थापना नहीं करनी है तो श्रीफल को स्थापित करें –

21. पूर्णपात्र पर श्रीफल स्थापित करें – '**ॐ श्रीश्च ते लक्ष्मीश्च पत्न्यावहोरात्रे पार्श्वे नक्षत्राणि रूपमश्विनौ व्यात्तम्। इष्णन्निषाणामुम्म इषाण सर्वलोकम्म इषाण।।**')

22. कलश में प्राण प्रतिष्ठा करें – '**ॐ मनो जूतिर्जुषतामा ज्यस्य बृहस्पतिर्यज्ञमिमं तनोत्वरिष्टं यज्ञꣳसमिमं दधातु। विश्वे-**

देवासऽइह मादयन्तामों3 प्रतिष्ठ।।'

23. अब वरुण देवता का आवाहन करें – '**ॐ तत्त्वायामीति मन्त्रस्य शुनःशेप ऋषिः, अनुष्टुप्छन्दः, वरुणो देवता, वरुणदेवता आवाहने विनियोगः। ॐ तत्त्वायामि ब्रह्मणा वन्दमानस्त–दाशास्ते यजमानो हविर्भिः। अहेळमानो वरुणेह बोध्युरुशं समान आयुः प्रमोषीः।। ॐ भूर्भुवःस्वः वरुण इह आगच्छ इह तिष्ठ। ॐ वरुणाय नमः।**'
24. अब निम्न मन्त्र से षोडशोपचार पूजन करें– '**ॐ अपांपति–वरुणाय नमः।**'
25. उसके बाद कलश को हाथ से ढ़ककर निम्न मन्त्रों से तीर्थों के आवाहनपूर्वक अभिमन्त्रित करें –

'ॐ सर्वे समुद्राः सरितस्तीर्थानि जलदा नदाः।
आयान्तु यजमानस्य दुरितक्षयकारकाः।1।

कलशस्य मुखे विष्णुः कण्ठे रुद्र समाश्रिताः।
मूले तत्र स्थितो ब्रह्मा मध्ये मातृगणा स्मृताः।2।

कुक्षौ तु सागराः सर्वे सप्तद्वीपवसुन्धरा।
ऋग्वेदोऽथ यजुर्वेद सामवेदो ह्यथर्वणः।3।

अंगैश्च सहिताः सर्वे कलशाम्बुसमाश्रिताः।
आयान्तु दैव्यः पूजार्थं दुरितक्षयकारकाः।4।

26. प्रार्थना करें –

'ॐ देवदानवसंवादे मथ्यमाने महोदधौ।
उत्पन्नोऽसि यदा कुम्भ विधृतो विष्णुना स्वयम्।1।

त्वत्तः सर्वाणि तीर्थानि देवाः सर्वे त्वयि स्थिताः।
त्वयि तिष्ठन्ति भूतानि त्वयि प्राणाः प्रतिष्ठिताः।2।

शिवः स्वयं त्वमेवासि विष्णुस्त्वं च प्रजापतिः।
आदित्या वसवो रुद्रा विश्वेदेवाः सपैतृकाः।3।

त्वयि तिष्ठन्ति सर्वेऽपि यतः कामफलप्रदाः।
त्वत्प्रसादादिमं यज्ञं कर्तुमीहे जलोद्भव।4।

सान्निध्यं कुरु मे देव प्रसन्नो भव सर्वदा।
सर्वेऽत्र प्रतितिष्ठन्तु मम कल्याणकारकाः।5।'

6.9) इस प्रकार वास्तुपूजन के अंगभूत दो कलशों की स्थापना करके मूर्ति/यन्त्र का **अग्न्युत्तारणकर्म** करें –

ग्रहों की प्रतिमा/ यन्त्र और वास्तु की प्रतिमा/ यन्त्र को एक ताम्र पात्र में रखकर घी से अभ्यंजन करें –

'ॐ घृतं मिमिक्षे घृतमस्य योनिर्घृते श्रितो घृतं वस्य धाम। अनुष्वधमा वहमादयस्व स्वाहाकृतं वृषभ वक्षि हव्यम्।'

उन पर दूध की धारा छोड़ें –

'ॐ पयः पृथिव्यां पयऽओषधीषु पयो दिव्यन्तरिक्षे पयोधाः। पयस्वतीः प्रदिशः सन्तु मह्यम्।।'

तदनन्तर शुद्ध जल से स्नान करायें –

'ॐ शुद्धवालः सर्वशुद्धवालो मणिवालस्त आश्विनाः श्येतः। श्येताक्ष्योऽरुणेस्ते रुद्राय पशुपतये कर्णा यामा अवलिप्ता रौद्रान्नभोरूपाः पार्जन्याः।।'

अब दो अग्निसूक्तों से अभिषेक करें –

'ॐ अग्निसप्तिमिति अग्निसूक्तात्मकमन्त्रस्य सौचिकोऽग्नि ऋषयः, त्रिष्टुप्छन्दः, अग्निर्देवता, प्रतिमा/ यन्त्र निर्माणकाले संजनित दोषपरिहारार्थमभिषेके विनियोगः।

(सर्वप्रथम इस सूक्त के बिना अग्नि पद का पाठ करना है तत्पश्चात् अग्नि पद सहित पाठ करना है। अथ अग्नि पद रहित सूक्त –)

‘ॐ सप्तिं वाजं भरं ददाति वीरं श्रुत्यं कर्मनिष्ठम्।
रोदसी विचरत्समंजन्नारीं वीरकुक्षिं पुरंधिम्।1।
अप्नसस्समिदस्तु भद्रा मही रोदसी आविवेश।
एकं चोदयत्समत्सुव्रताणि दयते पुरूणि।2।
हत्यं जरतः कर्णमावाद्भ्यो निरदहज्जरूथम्।
अत्रिं घर्म उरुष्यदन्तर्नृमेधं प्रजया सृजत्सम्।3।
दाद्रविणं वीरपेशा ऋषिं यस्सहस्रा सनोति।
दिवि हव्यमाततान धामानि विभृता पुरुत्रा।4।
उक्थैर्ऋषयो विह्वयन्ते नरो यामनि बाधितासः।
वयोऽअन्तरिक्षे पतन्तस्सहस्रा परियाति गोनाम्।5।
विश ईळते मानुषीर्या मनुषो नहुषो विजाताः।
गान्धर्वीं पथ्यामृतस्य गव्यूतिर्घृत आ निषत्ता।6।
ब्रह्म ऋभवस्ततक्षुर्महामवोचामासु वृक्तिम्।
प्राव जरितारं यविष्ठ महिद्रविणमायजस्व।7।

(अग्नि पद सहित सूक्त –)

‘ॐ अग्निसप्तिं वाजं भरं ददात्यग्निर्वीरं श्रुत्यं कर्मनिष्ठाम् अग्नी रोदसी विचरत्समंजन्नग्निर्नारीं वीरकुक्षिं पुरंधिम्।1। अग्नरप्नस-स्समिदस्तु भद्राऽअग्निर्मही रोदसी आविवेश। अग्निरेकंचो-दयत्समत्स्वग्निर्व्रताणि दयते पुरूणि।2। अग्निर्हत्यं जरतः कर्णमावाग्निरद्भ्यो निरदहज्जरूथम्। अग्निरत्रिं घर्म उरुष्यदन्तर-ग्निर्नृमेधं प्रजया सृजत्सम्।3। अग्निर्दाद्रविणं वीरपेशा अग्निर्ऋषिं यस्सहस्रा सनोति। अग्निर्दिवि हव्यमाततानाग्नेर्धामानि विभृता पुरुत्रा।4। अग्निमुक्थैर्ऋषयो विह्वयन्तेऽअग्निं नरो यामनि बाधितासः अग्निं वयोऽन्तरिक्षे पतन्तोऽग्निस्सहस्रा परियाति गोनाम्। 5। अग्निं विश ईळते मानुषीर्याऽअग्निं मनुषो नहुषो विजाताः। अग्निर्गान्धर्वीं पथ्यामृतस्याग्नेर्गव्यूतिर्घृत आ निषत्ता।6।

अग्नये ब्रह्म ऋभवस्ततक्षुरग्निं महामवोचामासु वृक्तिम्। अग्ने प्राव जरितारं यविष्ठाग्ने महिद्रविणमायजस्व ।7।

पंचामृत से भी अभिषेक करके शुद्ध जल से धोकर शुद्ध वस्त्र से जलबिन्दुओं का शोषण करें। इस प्रकार संस्कारित प्रतिमाओं/यन्त्रों को कलशों पर रखे गये चावल से भरे पात्र पर रखें -

'ॐ बृहस्पत इति मन्त्रस्य देवापी ऋषिः, अनुष्टुप्छन्दः, आर्ष्टिषेणो देवताः, पुण्यजलस्मरणे विनियोगः। ॐ बृहस्पते प्रतिमे देवतामिहि मित्रो वा यद्वरुणो वाऽअसि पूषा। आदित्यैर्वा यद्वसुभिर्मरुत्वांत्सपर्जन्यं शन्तनवे वृषाय।।' कलश को स्पर्श करते हुये पुण्यनदी व समुद्र के जल का स्मरण करें -

**'सर्वे समुद्रास्सरितस्तीर्थानि जलदा सदाः।
आयान्तु देवपूजार्थं दुरितक्षयकारिकाः।1।
गंगे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति।
नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेऽअस्मिन्सन्निधिं कुरु।2।**

6.10) **वास्तुहोमे प्रधान आहुतयः -**

संकल्प करने हेतु आचमन कर प्राणायाम करके देशकाल के कथनपूर्वक **'ॐ अस्य वास्तोः शुभतासिद्ध्यर्थं सग्रहवास्तुमखं करिष्ये।'** पूर्वोक्त प्रकार से पुनः अग्नि की स्थापना कर अन्वाधान करने केलिये संकल्प करें -

'ॐ करिष्यमाणस्य सग्रहवास्तुहोमकर्मणि देवतापरिग्रहार्थं अन्वाधानं करिष्ये। अंगदेवताः सह प्रधानदेवताः सर्वाः सन्निहिताः सन्तु एवं सांगेन कर्मणा सद्यो यक्ष्ये। ॐ अस्य व्याहृतिमन्त्रस्य प्रजापति ऋषिः, बृहती छन्दः, प्रजापति देवता अन्वाधानकर्मणि विनियोगः। आघार और आज्यभाग की चार आहुतियाँ देकर द्रव्य त्याग का संकल्प करके अग्नि का पूजन करके वराहुति प्रदान करें। इसके बाद नवग्रहयाग, मृत्युंजय आहुति, विनायकादि देवताहुति,

इन्द्रादि दिक्पाल, क्षेत्रपालदेवताओं का हवन करके वास्तु मण्डल देवताओं केलिये आहुति दें (प्रत्येक आहुति के बाद '**इदं न मम**' कहें।)-

1. ॐ वास्तुब्रह्मणे नमः स्वाहा। 2. ॐ अर्यमाय नमः स्वाहा। 3. ॐ सवित्रे नमः स्वाहा। 4. ॐ विवस्वते नमः स्वाहा। 5. ॐ इन्द्राय नमः स्वाहा। 6. ॐ मित्राय नमः स्वाहा। 7. ॐ राजयक्ष्मणे नमः स्वाहा। 8. ॐ भूधराय नमः स्वाहा। 9. ॐ आपवत्साय नमः स्वाहा। 10. ॐ अद्भ्यो नमः स्वाहा। 11. ॐ सवित्रे नमः स्वाहा। 12. ॐ जयाय नमः स्वाहा। 13. ॐ रुद्राय नमः स्वाहा। 14. ॐ शिखिने नमः स्वाहा। 15. ॐ पर्जन्याय नमः स्वाहा। 16. ॐ जयन्ताय नमः स्वाहा। 17. ॐ इन्द्राय नमः स्वाहा। 18. ॐ सूर्याय नमः स्वाहा। 19. ॐ सत्याय नमः स्वाहा। 20. ॐ भृशाय नमः स्वाहा। 21. ॐ आकाशाय नमः स्वाहा। 22. ॐ वायवे नमः स्वाहा। 23. ॐ पूष्णे नमः स्वाहा। 24. ॐ वितथाय नमः स्वाहा। 25. ॐ गृहक्षताय नमः स्वाहा। 26. ॐ यमाय नमः स्वाहा। 27. ॐ गन्धर्वाय नमः स्वाहा। 28. ॐ भृंगराजाय नमः स्वाहा। 29. ॐ मृगाय नमः स्वाहा। 30. ॐ पितृभ्यो नमःस्वाहा। 31. ॐ दौवारिकाय नमः स्वाहा। 32. ॐ सुग्रीवाय नमः स्वाहा। 33. ॐ पुष्पदन्ताय नमः स्वाहा। 34. ॐ वरुणाय नमः स्वाहा। 35. ॐ असुराय नमः स्वाहा। 36. ॐ शेषाय नमः स्वाहा। 37. ॐ पापयक्ष्मणे नमः स्वाहा। 38. ॐ रोगघ्नाय नमः स्वाहा। 39. ॐ नागाय नमः स्वाहा। 40. ॐ मुख्याय नमः स्वाहा। 41. ॐ भल्लाटाय नमः स्वाहा। 42. ॐ सोमाय नमः स्वाहा। 43. ॐ फणिने नमः स्वाहा। 44. ॐ अदित्यै नमः स्वाहा। 45. ॐ दित्यै नमःस्वाहा। 46. ॐ स्कन्दाय नमः स्वाहा। 47. ॐ अर्यमाय नमः स्वाहा। 48. ॐ जम्भाय

नमः स्वाहा। 49. ॐ पिलिपिच्छाय नमः स्वाहा। 50. ॐ चरक्यै नमः स्वाहा। 51. ॐ विदार्यै नमः स्वाहा। 52. ॐ पूतनायै नमः स्वाहा। 53. ॐ पापराक्षस्यै नमः स्वाहा। 54. ॐ इन्द्राय नमः स्वाहा। 55. ॐ अग्नये नमः स्वाहा। 56. ॐ यमाय नमः स्वाहा। 57. ॐ निर्ऋतये नमः स्वाहा। 58. ॐ वरुणाय नमः स्वाहा। 59. ॐ वायवे नमः स्वाहा। 60. ॐ सोमाय नमः स्वाहा। 61. ॐ ईशानाय नमः स्वाहा। 62. ॐ ब्रह्मणे नमः स्वाहा। 63. ॐ अनन्ताय नमः स्वाहा। 64. ॐ उग्रसेनाय नमः स्वाहा। 65. ॐ डामराय नमः स्वाहा। 66. ॐ महाकालाय नमः स्वाहा। 67. ॐ पिलिपिच्छाय नमः स्वाहा। 68. ॐ हेतुकाय नमः स्वाहा। 69. ॐ त्रिपुरान्तकाय नमः स्वाहा। 70. ॐ अग्निवैतालाय नमः स्वाहा। 71. ॐ असिवैतालाय नमः स्वाहा। 72. ॐ कालाय नमः स्वाहा। 73. ॐ करालाय नमः स्वाहा। 74. ॐ एकपादाय नमःस्वाहा। 75. ॐ भीमरूपाय नमः स्वाहा। 76. ॐ खेचराय नमः स्वाहा। 77. ॐ तलवासिने नमः स्वाहा। ॐ अस्य वास्तोष्पत इत्यादि चतुर्मन्त्रस्य मैत्रावरुण ऋषिः, त्रिष्टुप्छन्दः, वास्तोष्पति देवता होमकर्मणि विनियोगः।

ॐ वास्तोष्पते प्रतिजानीह्यस्मान्त्स्वावेशो अनमीवोभवानः। यत्त्वेमहे प्रति तन्नो जुषस्व शन्नो भव द्विपदे शं चतुष्पदे, स्वाहा।1।
वास्तोष्पते प्रतरणो न एधि गयस्भानो गोभिरश्वेभिरिन्दो। अजरासस्ते सख्येस्याम पितेव पुत्रान्प्रति नो जुषस्व, स्वाहा।2।
वास्तोष्पते शग्मया संसदाते सक्षीमहिरण्वया गातुमत्या। पाहि क्षेम उत योगे वरं नो यूयं पात स्वस्तिभिस्सदा नः, स्वाहा।3।
अमीवहा वास्तोष्पते विश्वारूपाण्यविशन्। सखा सुषेव एधि नः, स्वाहा।4।

स्विष्टकृत् से प्रायश्चित्त पर्यन्त कर्म करके बलिदान करें –

वास्तुमण्डल पर आवाहित प्रत्येक देवता को अलग–अलग दोने में अथवा समस्त देवताओं के लिये एक ही पात्र में कूष्माण्ड खण्ड अथवा पायस अथवा उड़द + हल्दी युक्त भात का बलिदान और दिक्पालदेवताओं के लिये दीप सहित दही युक्त उड़द का बलिदान यजमान द्वारा करायें। प्रत्येक बलि अथवा समस्त बलि के संकल्प पूर्वक साक्षतजल को छोड़े। तदनन्तर वास्तुपुरुष केलिये घर के मुख्यद्वार के सामने नाना प्रकार के सुरुची नैवेद्य अथवा सदीप कूष्माण्ड बलि दें – '**ॐ नमो भगवते वास्तोष्पतये सांगाय सपरिवाराय सायुधाय सशक्तिकाय इमं सदीपकूष्माण्डबलिं समर्पयामि। भो वास्तोष्पते बलिं भक्ष दिशं रक्ष मम आयुः कर्ता शान्तिकर्ता पुष्टिकर्ता कल्याणकर्ता वरदो भव।।**'

इसके बाद प्रार्थना करें –

'ॐ बलिं गृह्णन्त्विमं देवा आदित्यवसवस्तथा।
मरुतश्चाश्विनौ रुद्राः सुपर्णाः पन्नगाः खगाः ।1।
असुरा यातुधानाश्च पिशाचोरगराक्षसाः।
डाकिन्यो यक्षवेताला योगिन्यः पूतना शिवाः ।2।
जृम्भकाः सिद्धगन्धर्वा नागा विद्याधरा नगाः।
दिक्पाला लोकपालाश्च ये च विघ्नविनायकाः ।3।
जगतां शान्तिकर्तारो ब्रह्माद्याश्च महर्षयः।
मा विघ्नं मा च मे पापं मा सन्तु परिपन्थिनः ।4।
सौम्या भवन्तु तृप्ताश्च भूतप्रेताः सुखावहाः।
अन्ये च देवता सर्वा कल्याणं कुर्वन्तु सदा ।5।

जमीन पर प्रोक्षण इस मन्त्र से करें –

'शान्ता पृथिवी शिवमन्तरिक्षं द्यौर्नो दैव्यमभयं नोऽस्तु शिवा दिशः प्रदिश उद्दिशो न आपो न विद्युतः परिपान्तु विश्वतः।
शान्तिः शान्तिः शान्तिः।।'

सभी हाथ–पैर धोकर पुनः यागस्थल पर आकर पूर्णाहुति कर्म करें। सर्वप्रथम पूर्णफल की आहुति दें – '**ॐ याः फलिनीर्याऽ-अफलाऽअपुष्पा याश्च पुष्पिणीः। बृहस्पतिप्रसूतास्ता नो मुंचंत्व-ꣳहसः, स्वाहा।।**'

तत्पश्पात् वायव्य दिशा में बैठकर शंखमुद्रा से घी से भरा नारियल स्रुचि में रखकर उल्टे स्रुवे से ढ़ककर गन्धाक्षत पुष्प से पूजा कर खड़े होकर पूर्णाहुति होम करें। अब उस केलिए निम्न विनियोग कर्हे – '**ॐ अस्य समुद्रादित्येकादशर्चस्य सूक्तस्य वामदेव ऋषिः, अन्त्या जगतीत्रिष्टुबौ छन्दसी, आपो देवता, पूर्णाहुतिहोमे विनि योगः**। इस पूर्णाहुति सूक्त से पूर्णाहुति करें–

ॐ समुद्रादूर्मिर्मधुमान्नुदारदुपांशुना सममृतत्त्वमानट्।
घृतस्य नाम गुह्यं यदस्ति जिह्वा देवानाममृतस्य नाभिः ।1।
वयं नाम प्रब्रवामा घृतस्यास्मिन्यज्ञे धारयामा नवोभिः ।
उपब्रह्मा श्रृणुवच्छस्यमानं चतुश्शृंगोऽअवमीद्गौर एतत् ।2।
चत्वारि शृंगा त्रयोऽस्य पादा द्वे शीर्षे सप्त हस्तासोऽअस्य।
त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महो देवो मर्त्यान्नाविवेश ।3।
त्रिधाहितं पणिभिर्गुह्यमानं गवि देवासो घृतमन्विन्दन्।
इन्द्र एकं सूर्य एकं जजान वेनादेकं स्वधया पिष्पजद्वायुः ।4।
एता अर्षन्ति हृद्यात्समुद्राच्छतव्रजा रिपुणा नावचक्षे।
घृतस्य धारा अभिचाकशीमि हिरण्ययो वेतसो मध्य आसाम् ।5।
सम्यक्स्रवन्ति सरितो न धेना अन्तर्हृदा मनसा पूयमानाः।
एते अर्षन्त्यूर्म यो घृतस्य मृगा इव क्षिपणोरीषमाणाः ।6।
सिन्धोरिव प्राध्वनेषु घनासो वातप्रमीयः पतयन्ति यह्वाः।
घृतस्य धारा अरुषो न वाजी काष्ठाभिन्दनूर्मीभिः पिन्वमानः ।7।
अभिप्रवन्त समनेव योषाः कल्याण्यः स्मयमानासो अग्निम्।
घृतस्य धारया समिधो न संतताजुषाणो हर्यति जातवेदाः ।8।

कन्या इव वहतु मेत वा उ अञ्ज्यञ्जाना अभिचाकशीमि।
यत्र सोमस्सूयते यत्र यज्ञो घृतस्य धारा अभितत्त्वयन्ते।9।
अभ्यर्षत सुष्टुतिं गव्यमाजिमस्मासु भद्रा द्रविणानि धत्त।
इमं यज्ञं नयत देवता नो घृतस्य धारा मधुमत्त्वतन्ते।10।
धामं ते विश्वं भुवनमधिश्रितमन्तस्समुद्रे हृद्यन्तरायुषि।
अनामनीके समिथे य आभृतस्तमश्यम मधुमन्तं त ऊर्मिं, स्वाहा।11।

जल को छोड़ते हुये कहे-'**इदं न मम**'। होमशेष कर्म को यानि वसोधारा होम तथा उत्तरांग कर्म को पूरा करें। तत्पश्चात् आवाहित देवताओं की पुनः पूजा कर प्रार्थना करें -

'ॐ मन्त्रहीनं क्रियाहीनं भक्तिश्रद्धाविवर्जितम्।
यत्पूजितं मया देव परिपूर्णं तदस्तु मे।1।
नमस्ते वास्तुदेवेश सर्वविघ्नहरो भव।
शान्तिं कुरु सुखं देहि सर्वान्कामान्प्रयच्छ मे।2।'

6.11) नारियल समर्पित करें। प्रधान कलश के जल से सपरिवार यजमान पर **अभिषेक कर्म** करें - (नवग्रह के मन्त्रों से)

'ॐ आकृष्णेन (सत्येन - कृष्णयजुर्वेद) **रजसा वर्तमानो निवेशयन्नमृतम्मर्त्यञ्च। हिरण्ययेन सविता रथेनादेवो याति भुवनानि पश्यन्।** (सूर्य), **ॐ अन्नात्परिस्रुतो रसं ब्रह्मणा व्यपिबत्क्षत्रं पयः सोमं प्रजापतिः। ऋतेन सत्यमिन्द्रियं विपानं शुक्रमन्धसऽ इन्द्रस्येन्द्रियमिदम्पयोऽअमृतम्मधु।** - (शुक्लयजुर्वेद) अथवा (ऋग्वेद)- **आप्यायस्व स मे तु ते। विश्वतः सोम वृष्णियं। भवा वाजस्यसंगथे।** (चन्द्र), **ॐ अग्निर्मूर्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम्। अपां रेतांसि जिन्वति।** (मंगल), **ॐ उद्बुध्य-स्वाग्ने प्रतिजागृहि त्वमिष्टा पूर्वे संसृजेथा मयञ्च। अस्मिन्स-धास्थेऽअध्युत्तरस्मिन्विश्वेदेवा यजमानश्च सीदत।**-(शुक्लयजुर्वेद) अथवा (ऋग्वेद) - **ॐ उद्बुध्य स्वाग्ने प्रतिजागृह्य नमिष्ठा पूर्ते**

संसृजे धाम यं च। पुनः कृण्वंस्त्वा पितरं युवानमन्वातांसि त्वसि नत्नु मे तम्। (बुध), ॐ बृहस्पते अतियदर्यो आर्हद्युमद्विभाति क्रतु मज्जनेषु। यद्दीदयच्छ वसक्रत प्रजाततदस्मा सुद्रविणं धेहि चित्रम्। (गुरु), ॐ शुक्रन्तेऽअन्यद्यजतन्तेऽअन्यद्विषु रूपेऽहनि द्यौरिवासि। विश्वा हि मायाऽवसि स्वधा वो भद्रा ते पूषन्निह रातिरस्तु। (शुक्र), शन्नो देवीर भिष्टयऽआपो भवन्तु पीतये। शंय्योरभिस्रवन्तु नः। – (शुक्लयजुर्वेद) अथवा (ऋग्वेद) – ॐ शमग्निरग्निभि स्करच्छन्नस्तपतु सूर्यः। शं वातो वा त्वरपा अप–स्रिधः। (शनि), ॐ कया नश्चित्र आभुवदूति सदावृधः सखा। कया शचिष्ठया वृता।(राहु), ॐ केतुं कृण्वन्नकेतवे पेशोमर्या अपेशसे। समुषद्भिरजायथाः। (केतु)। (वास्तुदेवता के मन्त्रों से) ॐ वास्तोष्पते प्रतिजानी ह्यस्मान्त्स्वावेशो अनमी– वोभवानः। यत्त्वेमहे प्रति तन्नो जुषस्व शन्नो भव द्विपदे शं चतुष्पदे।1। वास्तोष्पते प्रतरणो न एधि गयस्भानो गोभिरश्वेभिरिन्दो। अजरासस्ते सख्येस्याम पितेव पुत्रान्प्रति नो जुषस्व।2। वास्तोष्पते शग्मया संसदाते सक्षीमहिरण्वया गातुमत्या। पाहि क्षेम उत योगे वरं नो यूयं पात स्वस्तिभिस्सदा नः।3। अमीवहा वास्तोष्पते विश्वारूपाण्यविशन्। सखा सुषेव एधि नः।4। (मार्जनमन्त्रों से) ॐ आपोहिष्ठा मयोभुवः।1। ॐ ता न ऊर्जे दधातन।2। ॐ महेरणाय चक्षसे।3। ॐ यो वः शिवतमो रसः।4। ॐ तस्य भाजयते हनः।5। ॐ उशतीरिव मातरः।6। ॐ तस्मा अरंगमाम वः।7। ॐ यस्य क्षयाय जिन्वथ।8। ॐ आपो जनयथा च नः।9। (पौराणिक मार्जनमन्त्रों से)

सुरास्त्वामभिसिंचन्तु ब्रह्मविष्णुमहेश्वराः।
वासुदेवो जगन्नाथः तथा संकर्षणो विभुः।1।

प्रद्युम्नश्चानिरुद्धश्च भवन्तु विजयाय ते।
अखण्डलोऽग्निर्भगवान् यमो वै निर्ऋतिस्तथा ।2।
वरुणः पवनश्चैव धनाध्यक्षस्तथा शिवः।
ब्रह्मणा सहिताः सर्वे दिक्पालाः पान्तु ते सदा ।3।
कीर्तिलक्ष्मीर्धृतिर्मेधा पुष्टिः श्रद्धा क्रिया मतिः।
बुद्धिर्लज्जा वपुः शान्तिः कान्तिस्तुष्टिश्च मातरः ।4।
एतास्त्वामभिसिंचन्तु देवपत्न्यैः समागताः।
आदित्यश्चन्द्रमा भौमो बुधजीवसितार्कजाः ।5।
ग्रहास्त्वामभिसिंचन्तु राहुकेतुश्च पूजिताः।
देवदानवगन्धर्वा यक्षराक्षसपन्नगाः ।6।
ऋषयो मुनयो गावो देवमातर एव च।
देवपत्न्यो द्रुमा नागा दैत्यश्चाप्सरसां गणाः ।7।
अस्त्राणि सर्वशस्त्राणि राजानो वाहनानि च।
सरितः सागराः शैलाः तीर्थानि जलदा नदाः ।8।
एते त्वामभिसिंचन्तु सर्वकामार्थसिद्धये।
सिद्धिर्भवतु ते देव यशो वीर्यं च सर्वदा ।9।

अमृताभिषेकोऽस्तु।

ॐ शन्तिः शान्तिः शान्तिः।।'

7. वास्तुमूर्ति/यन्त्र स्थापना

जिस राशि में रवि है उसके अनुसार जिस विदिशा में राहु का मुख हो उसके पृष्ठ कोण में यजमान के जानुपर्यन्त गहरा गड्ढा खोदकर उसके मध्य में गोमय से लीपें।

राहुमुख	ईशान	वायव्य		आग्नेय
देवालय	1-2-12 रवि	3-4-5 रवि	6-7-8 रवि	9-10-11 रवि
गृह	5-6-7 रवि	8-9-10 रवि	11-12-1 रवि	2-3-4 रवि
पृष्ठकोण	आग्नेय	ईशान	वायव्य	

चन्दनाक्षतपुष्पादि से भूमि पूजन कर सर्वधान्य और दहीभात उसमें डालें। '**ॐ वरुणाय नमः**' मन्त्र से शुद्धजल से भरें। प्रार्थना करें -

'ॐ पूजितोऽसि मया वास्तो होमाद्यैरर्चनैश्शुभैः।
प्रसीद पाहि विश्वेश देहि मे गृहजं सुखं।।
वास्तुमूर्ते (/वास्तुयन्त्र) नमस्तेऽस्तु भूशय्यानिरत प्रभो।
मद्गृहं धनधान्यादि समृद्धं कुरु सर्वदा।।'

(वास्तुमूर्ति/यन्त्र को गड्ढे में स्थापित करें)

'सशैलसागरां पृथ्वीं यथा वहसि मूर्धनि।
तथा मां वह कल्याणि संपत्संततिभिः सदा।।'

गड्ढे को मिट्टी से भरकर गोमय से लीपें।

8. अथ गृहप्रवेशः

उक्त प्रकार से प्रथम दिन प्रधानकलश स्थापना कर कर्माधिकारी बनकर द्वितीय दिन वास्तुशान्ति करके दूसरे दिन ही (यदि अपराह्नकाल में सुयोग्य मुहूर्त हो तो) अथवा तीसरे दिन प्रात:कालीन ब्रह्ममुहूर्त में / अन्य शुभमुहूर्त में गृहप्रवेश करना है। द्वार पर महालक्ष्मीपूजन करके गोपूजन करें। द्वार बन्द रखें अथवा पर्दा से ढक दें। प्रवेश कर्म पूरा होने तक मंगलवाद्य बजते रहना चाहिये। जल से भरा दूर्वा और पंचपल्लवों से युक्त तथा गन्धाक्षतसुधा से लिप्त व वस्त्र से वेष्टित पूर्णपात्र के ऊपर रखे हुये कलश को यजमानपत्नी द्वारा सिर पर धारण किये हुये और यजमान अपने हाथ में कुलदेवता/नर्मदेश्वर/शालिग्राम को लिये हुये तथा बन्धु–बान्धव सहित गन्ध, अक्षत, पुष्प, पुष्पमाला, दीप, ध्वज, दर्पण और लाजा – इन 8 मंगलद्रव्यों को अपने–अपने हाथ में लिये हुये सपरिवार गो को आगे – आगे प्रवेश कराते हुये प्रवेश करें। आचार्य व ब्राह्मण स्वस्तिसूक्त, कनिक्रदितिसूक्त, चूर्णिका व मंगलाष्टक का पाठ करते रहें। पर्दा हटाकर अथवा द्वार खोल कर गौ को प्रवेश कराते हुये उसके पीछे–पीछे यजमान सपत्नीक सर्वप्रथम दाहिने पैर को अन्दर रखते हुये प्रवेश करें। प्रवेश करके गुड़ व जीरा को घर के अन्दर बिखेरें। गृह के मध्य में पूर्णकुम्भ को स्थापित करें और गृहस्थैर्य केलिये ब्राह्मणों से संक्षिप्त पुण्याहवाचन करायें। आचार्य व ब्राह्मणों की पूजा करके यथाशक्ति वस्त्र, ताम्बूल, दक्षिणा आदि देकर आशीर्वाद लें । ब्राह्मण 3 बार कहें – '**ॐ शिवं वास्तु**।' आचार्य व ब्राह्मणों को सदक्षिणा भोजन खिलाकर आमन्त्रित सभी को भोजन खिलायें। इस प्रकार गृहप्रवेश कर्म पूरा होता है।

परिशिष्ट भागः

1. नित्य और वार्षिक वास्तु पूजन

गृहप्रवेश करने के बाद घर में सदा सुख शान्ति हो इस के लिये समय-समय पर विशेष अनुष्ठान, व्रत, मंगलकार्य (सत्यनारायण पूजा, भागवत पाठ, रामायण पाठ आदि), सन्त- महात्माओं का सत्संग, ब्राह्मण-अतिथि भोजन, दान आदि पुण्य कर्म करते रहना चाहिये। फिर भी नित्य वास्तु पूजन और वार्षिक वास्तु पूजन का विधान किया गया है ताकि नित्य शुभवृद्धि हो और विद्या-लक्ष्मी-सन्तान आदि की स्थिरता सुनिश्चित हो। शौनक महर्षि कृत ऋग्विधान नामक ग्रन्थ में इसके विधि-विधान बताये हैं, जो निम्न प्रकार से है।

(क) नित्यवास्तुपूजन

प्रतिदिन प्रातः सूर्योदय से पूर्व स्नान करने से पहले पति/पत्नी घर के मुख्य द्वार के सामने के कुछ भाग को पानी से धोवें (और गोबर से लीपें) व रंगोली यानि कमल आदि शुभ चिह्न बनायें। तत्पश्चात् स्नान करके पति-पत्नी दोनों (अथवा एक) शुद्धवस्त्र पहनकर एक थाली में कुंकुम, हल्दी, गन्ध, दीपक, अक्षत, धूप, पुष्प आदि यथाशक्ति पूजा सामग्री एक लोटा जल के साथ मुख्य द्वार पर आयें और बाहर से पूजा आरम्भ करें। पुष्पाक्षत हाथ में लेकर हाथ जोड़कर गणेश भगवान्, कुलदेवता, इष्टदेवता और द्वार पर स्थापित देवता का (यदि इनके ध्यान करने का श्लोक/मन्त्र आदि याद हो तो उनका उच्चारण करते हुये) स्मरण करें और द्वार के सामने पुष्पाक्षत को रखें। '**ॐ वास्तुदेवताभ्यां नमः**' अथवा अपने इष्टदेवता के मन्त्र से ही पूजा करें। लोटे के जल से द्वार के निचले भाग (वासल) को धोवें और कुंकुम व हल्दी की बिन्दी दोनों किनारे व बीच में लगायें और उस पर गन्ध, अक्षत और पुष्प

से पूजा करें। धूप और दीप दर्शाकर प्रणाम करें। धूप को द्वार पर ही छोड़कर दीप आदि शेष सामग्री के साथ दाहिने पैर को पहले अन्दर रखते हुये प्रवेश करें।

(ख) वार्षिकवास्तुपूजन

'कुर्वीत वास्तुशमनं मध्ये गोष्ठस्य धर्मवित्।
पुष्पैर्गन्धैश्चमाल्यैश्चवानस्पतैतथौषधैः।722।
वास्तु सर्वं प्रविकिरेत्सप्तधान्यैस्तथैव च।
वास्तोष्पतिं यजेच्चात्र पायसेन बृहस्पतिं।723।
औदुम्बरपलाशैश्च बलिं प्रतिदिशं हरेत्।
सूर्यो वायुर्यमपितरो वरुणो निर्ऋतिश्च।724।
सोमो महेन्द्र इत्येता दिक्षु दिग्देवताः स्मृताः।
दद्याद्दानं ब्राह्मणेभ्यः शिवं भवतु वास्त्विति।725।
प्रतिसंवत्सरं कार्यं गृहे वै गृहमेधिना।
यद्येवं सविधं नान्यदनुक्तमपि किंचन।726।'

(अर्थः- धर्मवेत्ता गृहस्थ अपने घर की सब प्रकार की सुख शान्ति केलिये प्रतिवर्ष घर के मध्य में वास्तु शान्ति करें। पुष्प, गन्ध, पुष्पमाला, सप्तधान्य, वनस्पति और औषधियों को घर के बीच (ब्रह्मस्थान) में पत्तल पर फैलायें। पायस से बृहस्पति के लिये और वास्तु केलिये रूई व मोतियों से हवन करें। सूर्य, वायु, यम, पितृगण, वरुण, निर्ऋति, सोम और इन्द्र को 8 दिशाओं में बलि दें। ब्राह्मणों को भोजन खिलाकर दान दें। अन्त में '**शिवं भवतु वास्तु**' – ऐसा बोलें। जवाब में ब्राह्मण कहें – '**शिवमस्तु वास्तु**'। इस विधि से ही करें अन्य अनुक्त कुछ भी न करें।)

अथ प्रयोगः –

यजमान संकल्प पूर्वक अपने घर के बीच में सप्त धान्य के ऊपर कलश की स्थापना करें और उसमें बृहस्पति, वास्तुपुरुष और

अष्टदिक्पालों का आवाहन करें। गन्धादि से कम से कम पंचोपचार पूजन करें। ऊपर बतायी गयी विधि से अग्नि की स्थापना करके अन्वाधान तक का कर्म करें। वास्तोष्पति केलिये पायसाज्य, उदुम्बरसमिदाज्य, पलाशसमिदाज्य और अपामार्ग+चरु+आज्य से 27X4 =108 आहुति दें। तथा बृहस्पति केलिये पायसाज्य, उदुम्बरसमिदाज्य, पलाशसमिदाज्य और अपामार्ग+चरु+आज्य से 27X4 =108 आहुति दें। तथा अन्वाधान के समान प्रधान आहुति देकर बलिदान पूर्वक पूर्णाहुति पर्यन्त कर्म करें। ब्राह्मणों को दान, भोजन, सम्मान आदि देकर यजमान कहे – '**शिवं भवतु वास्तु**'। जवाब में ब्रह्मण कहें – '**शिवमस्तु वास्तु**'।

2. यजुर्वेदीयरक्षोघ्नहोममन्त्राः

(18 आहुति घी की दें) **ॐ कृणुष्व पाजः प्रसितिं न पृथ्वीं याहि राजे वामवाँ॒ इभेन। तृष्वीमनुप्रसितिं द्रूणानोऽस्तासि विध्य रक्षसस्तपिष्ठैः।।– रक्षोहाघ्ने स्वाहा, रक्षोहाघ्ने इदं न मम।1। ॐ तव भ्रमास आशुष्या पतन्त्यनुस्पृश धृषता शोशुचानः। तपूँ॒ष्यग्ने जुह्वा पतंगा न संदितो विसृज विष्वगुल्काः।।– रक्षोहाघ्ने स्वाहा, रक्षोहाघ्ने इदं न मम।2। ॐ प्रतिस्पशो विसृज तूर्णितवो भवा पायुर्विशो अस्या अदब्धः। यो नो दूरे अघशँ॒सो यो अन्त्यग्ने माकिष्टे व्यथिरादधर्षीत्।।– रक्षोहाघ्ने स्वाहा, रक्षोहाघ्ने इदं न मम।3। ॐ उदग्ने तिष्ठ प्रत्यातनुष्वन्यमित्राँ॒ ओषतात्तिग्महेते। यो नो अरातिँ॒समिधान चक्रे नीचा तं धक्ष्यतसं न शुष्कम्।।– रक्षोहाघ्ने स्वाहा, रक्षोहाघ्ने इदं न मम।4। ॐ ऊर्ध्वो भव प्रतिविध्याध्यस्मदाविष्कृणुष्व दैव्यान्यग्ने। अवस्थिरा तनुहि यातु जानां जामिमजामिं प्रमृणीहि शत्रून्।।– रक्षोहाघ्ने स्वाहा, रक्षोहाघ्ने इदं न मम।5। ॐ स ते जानाति**

सुमतिं यविष्ठ य ईवते ब्रह्मणे गातुमैरत्। विश्वन्यस्मै सुदिनानि रायो द्युम्नान्यर्यो विदुरोऽभिद्यौत्।।- रक्षोहाघ्ने स्वाहा, रक्षोहाघ्ने इदं न मम।6। ॐ सेदग्नेऽअस्तु सुभगस्सुदा नुर्यस्त्वा नित्येन हविषा य उक्थैः। पिप्रीषति स्व आयुषि दुरोणे विश्वेदस्मै सुदिना सा सदिष्टिः।।- रक्षोहाघ्ने स्वाहा, रक्षोहाघ्ने इदं न मम।7। ॐ अर्चामि ते सुमतिं घोष्यर्वाश्सन्ते वावाता जरतामियं गीः। स्वश्वास्त्वा सुरथामर्जये मास्मे क्षत्राणि धारयेरनु द्यून्।।- रक्षोहाघ्ने स्वाहा, रक्षोहाघ्ने इदं न मम।8। ॐ इह त्वा भूर्या चरेदु पत्मन्दोषा वस्तर्दीदिवाꣳसमनु द्यून्। क्रीडन्तस्त्वा सुमनसस्सपेमाभि द्युम्ना तस्थिवाꣳसो जनानाम्।।- रक्षोहाघ्ने स्वाहा, रक्षोहाघ्ने इदं न मम।9। ॐ यस्त्वा स्वश्वस्सुहिरण्यो अग्न उपयाति वसुमता रथेन। तस्य त्राता भवसि तस्य सखा यस्त आतिथ्यमानुषग्जुजोषत्।।- रक्षोहाघ्ने स्वाहा, रक्षोहाघ्ने इदं न मम।10। ॐ महो रुजामि बन्धुता वचोभिस्तन्मा पितुर्गोतमादन्वियाय। त्वं नो अस्य वचसश्चिकिद्धि होतर्यविष्ठ सुक्रतो दमूनाः।।- रक्षोहाघ्ने स्वाहा, रक्षोहाघ्ने इदं न मम।11। ॐ अस्वप्न जस्तरणयस्सुशेवा अतन्द्रासोवृका अश्रमिष्ठाः। ते पायवस्सध्र्यंचो निषद्याग्ने तव नः पान्त्वमूर।।- रक्षोहाघ्ने स्वाहा, रक्षोहाघ्ने इदं न मम।12। ॐ ये पायवो मामतेयं ते अग्ने पश्यन्तोऽअन्धं दुरितादरक्षन्। ररक्ष तान् सुकृतो विश्ववेदा दिप्सन्त इद्रिपवो नाह देभुः।।- रक्षोहाघ्ने स्वाहा, रक्षोहाघ्ने इदं न मम।13। ॐ त्वया वयꣳसधन्यस्त्वोतास्तव प्रणेत्यश्याम वाजान्। उभाशꣳसा सूदय सत्यता तेऽअनुष्ठुया कृणुह्यह्रयाण।। - रक्षोहाघ्ने स्वाहा, रक्षोहाघ्ने इदं न मम।14। ॐ अया ते अग्ने समिधा विधेम प्रतिस्तोमꣳशस्यमानं गृभाय। दहाशसो रक्षसः पाह्यस्मान्द्रुहो निदो मित्रमहो अवद्यात्।।- रक्षोहाघ्ने स्वाहा ,

रक्षोहाघ्ने इदं न मम।15। ॐ रक्षोहणं वातिनमाजिघर्मि मित्रं प्रतिष्ठमुपयामि शर्म। शिशानो अग्निः क्रतुभिस्समि धसस नो दिवा स रिषः पातु नक्तं। रक्षोहाघ्ने स्वाहा, रक्षोहाघ्ने इदं न मम।16। ॐ विज्योतिषा बृहता भात्यग्निराविर्विश्वानि कृणुते महित्वा। प्रादेवी र्मायाससीते दुरेवाषिशीते श्रृंगे रक्षसे विनिक्षे। रक्षोहाघ्ने स्वाहा, रक्षोहाघ्ने इदं न मम।17। ॐ उतस्वानासो दिविषन्वग्ने स्तिग्मायुधा रक्षसे हन्त वा उ। मदे चिदस्य प्ररुजन्ति भामान वरन्ते परिबाधो अदेवीः। रक्षोहाघ्ने स्वाहा, रक्षोहाघ्ने इदं न मम।18।

(प्रत्येक मन्त्र में 2 बार स्वाहा आया है। उनमें से प्रथम स्वाहा मन्त्र का हिस्सा है। अतः उसके बाद आहुति न दें, किन्तु दूसरे स्वाहा के बाद आहुति देना है। 5 आहुति घी की दें)–

ॐ ये देवाः पुरस्सदोऽअग्निनेत्रा रक्षोहणस्ते नः पान्तु ते नोऽअवन्तु तेभ्यो नमस्तेभ्यः स्वाहा।।– देवेभ्योऽ अग्निनेत्रेभ्यो रक्षोहाभ्यः स्वाहा, देवेभ्योऽअग्निनेत्रेभ्यो रक्षोहाभ्य इदं न मम।1। ॐ ये देवाः दक्षिणसदो यमनेत्रा रक्षोहणस्ते नः पान्तु ते नोऽअवन्तु तेभ्यो नमस्तेभ्यः स्वाहा।।– देवेभ्यो यमनेत्रेभ्यो रक्षोहाभ्यः स्वाहा, देवेभ्यो यमनेत्रेभ्यो रक्षोहाभ्य इदं न मम।2। ॐ ये देवाः पश्चात्सदस्सवितृनेत्रा रक्षोहणास्ते नः पान्तु ते नोऽअवन्तु तेभ्यो नमस्तेभ्यः स्वाहा।।– देवेभ्यो सवितृनेत्रेभ्यो रक्षोहाभ्यः स्वाहा, देवेभ्यो सवितृनेत्रेभ्यो रक्षोहाभ्य इदं न मम।3। ॐ ये देवाः उत्तरसदो वरुणनेत्रा रक्षोहणास्ते नः पान्तु ते नोऽअवन्तु तेभ्यो नमस्तेभ्यः स्वाहा।।– देवेभ्यो वरुणनेत्रेभ्यो रक्षोहाभ्यः स्वाहा, देवेभ्यो वरुणनेत्रेभ्यो रक्षोहाभ्य इदं न मम।4। ॐ ये देवाः उपरिषदो बृहस्पति नेत्रा रक्षोहणास्ते नः पान्तु ते नोऽअवन्तु तेभ्यो नमस्तेभ्यः स्वाहा।।– उपरिषद्भ्यो देवेभ्यो बृहस्पतिनेत्रेभ्यो

रक्षोहाभ्यः स्वाहा, उपरिषद्भ्यो देवेभ्यो बृहस्पतिनेत्रेभ्यो रक्षोहाभ्य इदं न मम ।5।

(पुनः 5 आहुति घी की दें)–

ॐ जातवेदसे सुनवाम सोममराती यतो निदहाति वेदः। स नः पर्शदति दुर्गाणि विश्वा नावेव सिन्धुं दुरिताऽत्यग्निः ।।– दुर्गायै स्वाहा, दुर्गाया इदं न मम ।1। ॐ तामग्निवर्णां तपसा ज्वलन्तीं वैरोचनीं कर्मफलेषु जुष्टां। दुर्गां देवीं शरणमहं प्रपद्ये सुतरसि तरसे नमः ।।– दुर्गायै स्वाहा, दुर्गाया इदं न मम ।2। ॐ अग्ने त्वं पारया नव्योऽ अस्मान्स्वस्तिभिरति दुर्गाणि विश्वा। पूश्च पृथ्वी बहुला न ऊर्वी भवा तोकाय तनयाय शंयोः ।।– दुर्गायै स्वाहा, दुर्गाया इदं न मम ।3। ॐ विश्वानि नो दुर्गहा जातवेद स्सिन्धुं न नावा दुरिताऽअतिपर्षि। अग्ने अत्रिवन्मनसा गृणानोऽअस्माकं बोध्यविता तनूनाम् ।।– दुर्गायै स्वाहा, दुर्गाया इदं न मम ।4। ॐ पृतना जितं सहमानमुग्रमग्निं हुवेम परमा सधस्थात्। स नः पर्षदति दुर्गाणि विश्वा क्षामद्देवोऽअतिदुरिताऽअत्यग्निः ।।– दुर्गायै स्वाहा, दुर्गाया इदं न मम ।5।

3. यजुर्वेदीयवास्तुहोममन्त्राः

(उदुम्बर, समित्, तिल, पायस और आज्य मिश्रित 4X27 =108 आहुति दें)

